वर्ष : 34 | अंक : 249 | मुंबई, रविवार, 16 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## बदल रही ट्राइबल्स की जिंदगी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के नर्मदा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों के योगदान को याद किया और कांग्रेस पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक दशक पहले जनजातीय समाज अभावों से घिरा हुआ था, लेकिन अब स्थिति तेजी से बदल रही है। मोदी सरकार की पीएम जुगा योजना ने जनजातीय समुदायों के जीवन स्तर में बड़ा बदलाव लाया है। पिछले एक साल में योजना के तहत 4 लाख से अधिक पक्के मकान बनाए गए और लगभग 700 हॉस्टल तैयार हुए हैं। दूरदराज के इलाकों में अब 70 मोबाइल मेडिकल यूनिटें स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रही हैं, जिससे इलाज लोगों की दहलीज तक पहुंच रहा है।

# बिहार में बंपर जीत के बाद एक्शन में पीएम

- मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की समीक्षा की
- डेडियापाड़ा में 9700 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन

**एजेंसी | सूरत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के एक दिवसीय दौरे पर थे, जहाँ उन्होंने 9,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उनके दौरे की शुरुआत सूरत के अंत्रोली में निर्माणाधीन मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर (बुलेट ट्रेन स्टेशन) के निरीक्षण से हुई, जहाँ उन्होंने कार्य की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद, प्रधानमंत्री नर्मदा जिले के डेडियापाड़ा पहुँचे, जहाँ उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के मुख्य कार्यक्रम में भाग लिया।



## पेयजल, बिजली और मोबाइल नेटवर्क की बढ़ी पहुंच

योजना के चलते 26,500 से अधिक गांवों में नल के जरिए पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 8,600 से ज्यादा घरों में बिजली पहुंचाई गई है। वहीं करीब 2,200 जनजातीय गांवों में मोबाइल नेटवर्क पहुंचने से संचार सुविधाओं का विस्तार हुआ है। बच्चों और माताओं के पोषण के लिए 280 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

## पीएम जनमन योजना से कमजोर जनजातियों को सीधा लाभ

पीएम जनमन योजना के तहत 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों पर फोकस किया गया है। 24 हजार करोड़ रुपये के बजट से 90 हजार से अधिक मकान बनाए गए हैं और 92 हजार घरों तक बिजली पहुंचाई गई है। लगभग 700 मोबाइल मेडिकल यूनिटें सेवा दे रही हैं, जबकि 6,700 से अधिक गांवों को पेयजल कनेक्शन से जोड़ा गया है।

## दुनिया को राजनीति समझाता है बिहार : पीएम मोदी

गुजरात दौरे के दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का ऐतिहासिक विजय हुआ हो, और अगर हम सूरत से आगे जा रहे हों और बिहार के लोगों से मिले बिना जाएं, तो लगता है यात्रा अधूरी रह गई है। इस दौरान उन्होंने गुजरात में रहने वाले बिहार के लोगों का अभिवादन किया। पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात में रहने वाले और खासकर सूरत में रहने वाले मेरे बिहारी भाइयों का हक बनता है, और इसलिए मेरी स्वाभाविक जिम्मेदारी भी बनती है कि आप लोगों के बीच आकर के इस विजयोत्सव के कुछ पल का मैं भी हिस्सा बनूं।

# कांग्रेस अकेले लड़ेगी बीएमसी चुनाव

**मुंबई की सभी 227 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे कांग्रेस के उम्मीदवार**



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बिहार चुनाव में मिली करारी हार और महागठबंधन के कमजोर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस ने शनिवार को महाराष्ट्र में अपने सहयोगियों को बड़ा राजनीतिक संकेत देते हुए ऐलान किया कि वह मुंबई महानगरपालिका (BMC) चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्नीथला ने मुंबई में आयोजित एक दिवसीय शिविर में इसकी औपचारिक घोषणा की, जिससे मुंबई में महाविकास आघाड़ी (मविआ) का टूटना अब लगभग तय हो गया है।

### चेन्नीथला का ऐलान: 227 सीटों पर उतरेगी कांग्रेस

रमेश चेन्नीथला ने कहा कि जिला और ब्लॉक स्तर के सभी कार्यकर्ता स्वबल पर चुनाव लड़ने की मांग कर रहे थे। उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए कांग्रेस ने 227 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाना प्राथमिकता है और इसमें किसी तरह की बाधा नहीं आएगी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़, पूर्व मंत्री असलम शेख सहित कई नेता उपस्थित रहे।

### शरद गुट के साथ गठबंधन के संकेत

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने बताया कि यह निर्णय कार्यकर्ताओं की इच्छा और सुझावों के आधार पर लिया गया है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने अन्य दलों के लिए दरवाजे बंद नहीं किए हैं। समान विचारधारा वाली पार्टियों और आंबेडकरवादी गुटों से बातचीत की जाएगी। उन्होंने शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (शरदचंद्र पवार) से गठबंधन की संभावना भी जताई।

### उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका

बीजेपी मुंबई में अपना महापौर बैठाने के लिए आक्रामक रणनीति पर काम कर रही है, वहीं उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी UBT के अस्तित्व को बचाने के लिए किसी भी तरह बीएमसी जीतने की कोशिश में हैं। राज ठाकरे से मतभेद भुलाकर गठबंधन की कवायद भी की गई, लेकिन कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा से उद्धव की रणनीति को बड़ा झटका लगा

### दोनों दलों में बढ़ी हलचल

मविआ के टूटने से कांग्रेस ही नहीं, बल्कि UBT के कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखा जा रहा है। वर्षों से टिकट की उम्मीद लगाए बैठे कई कार्यकर्ताओं के लिए यह नया अवसर बनकर आया है। राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि इससे कांग्रेस और शिवसेना UBT दोनों को ही अपने जनाधार को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

### बीजेपी ने कसा तंज

महाराष्ट्र के मंत्री और बीजेपी नेता आशीष शेलार ने शनिवार को कांग्रेस के मुंबई निकाय चुनाव अकेले लड़ने के बयान का मजाक उड़ाया। उन्होंने पूछा कि क्या देश की सबसे पुरानी पार्टी में ऐसा फैसला लेने की हिम्मत है। क्या उनका वोट आधार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास मुंह छिपाने के लिए जगह नहीं बची। कांग्रेस कभी जीत नहीं सकती। बीजेपी नेता ने कहा कि कांग्रेस को जनता का आशीर्वाद नहीं, न ही पार्टी को जनता से कोई प्रेम है। जब तक उनका निर्णय नहीं आता, तब तक कुछ कहना ठीक नहीं होगा। मैं यही कहूंगा कि अकेले लड़ने के लिए दम चाहिए और अब यह दम कांग्रेस में है क्या।

### मनसे पर कांग्रेस का सीधा हमला

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने बिना नाम लिए मनसे पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान में विश्वास रखने वाली पार्टी है और सबको साथ लेकर चलने की विचारधारा रखती है। कुछ पार्टियां मारपीट, कानून को हाथ में लेने और असंवैधानिक भाषा का इस्तेमाल करती हैं, जो हमारी संस्कृति के अनुरूप नहीं है।

# फर्जी सॉफ्टवेयर कंपनी पर कार्रवाई

## यूएस के नागरिकों को ठगने के आरोप, 21 गिरफ्तार



**एजेंसी | बंगलूरू**

बंगलूरू में संचालित एक फर्जी सॉफ्टवेयर कंपनी पर साइबर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस कंपनी के 21 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है, जो अमेरिका के नागरिकों को ठगने के आरोप में पकड़े गए। पुलिस का कहना है कि ये लोग खुद को माइक्रोसॉफ्ट के टेक्निकल सपोर्ट स्टाफ के रूप में पेश करके विदेशी नागरिकों से धोखाधड़ी कर रहे थे। कार्रवाई साइबर कमांड की स्पेशल सेल और व्हाइटफील्ड साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन द्वारा संयुक्त रूप से की गई। पुलिस के अनुसार, जानकारी मिलने के बाद सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच से पता चला कि ये कंपनी शुरू से ही धोखाधड़ी में शामिल थी।

### दो दिन चली छापेमारी

पुलिस ने कोर्ट से सर्च वारंट लेने के बाद शुक्रवार और शनिवार को व्हाइटफील्ड स्थित ऑफिस पर छापेमारी की। टीम में साइबर कमांड की तकनीकी टीम, साइबर सुरक्षा विश्लेषक और आसपास के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन के अधिकारी शामिल थे। यह अभियान डीजीपी डॉ. प्रोनब मोहंती के निर्देशन में चलाया गया। पुलिस के अनुसार, कंपनी में काम कर रहे 21 कर्मचारी सीधे तौर पर ठगी में शामिल पाए गए और उन्हें मौके से ही हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया गया।

### इलेक्ट्रॉनिक सबूत बरामद

छापेमारी के दौरान पुलिस ने कई कंप्यूटर सिस्टम, डिजिटल डिवाइस, मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत जब्त किए। पुलिस का कहना है कि पूरी रात चली तलाशी और सीजर महाजर 15 नवंबर सुबह 11 बजे तक जारी रही।

## ब्रीफ न्यूज़

### आज ऑफलाइन भी नामांकन किए जाएंगे स्वीकार

**मुंबई।** राज्य चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि राज्य की 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के चुनाव के लिए इच्छुक उम्मीदवार रविवार को ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन नामांकन पत्र भी दाखिल कर सकेंगे। उम्मीदवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पर्चा भर सकेंगे, जबकि नामांकन और शपथपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर दोपहर 3 बजे तय की गई है। इन चुनावों के लिए मतदान 2 दिसंबर को होगा और मतों की गिनती 3 दिसंबर को की जाएगी।

### सरकारी जमीन के अवैध सौदे के केस में 26 के खिलाफ एफआईआर

**पुणे।** पुणे में पिंपरी चिंचवड़ में पशुसंवर्धन विभाग की 15 एकड़ जमीन की अवैध बिक्री के मामले में 26 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई। पुलिस के मुताबिक ताथवाड़े स्थित इस जमीन का सौदा पुराने 7/12 रिकॉर्ड का इस्तेमाल कर 33 करोड़ में किया गया। जिन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है उनमें खरीदार, विक्रेता और जॉइंट सब-रजिस्ट्रार शामिल हैं।

### निर्माणाधीन इमारत की नींव धंसी, दो की मौत

**मुंबई।** भायखला स्थित हबीब मेंशन नामक निर्माणाधीन इमारत में शनिवार दोपहर नींव धसकने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन मजदूर घायल हो गए। सभी घायलों को नायर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जांच भायखला पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार, हंस रोड क्षेत्र में इमारत की नींव डालने का काम चल रहा था, तभी अचानक भारी मात्रा में मिट्टी और मलबा मजदूरों पर गिर गया, जिससे पांच लोग घायल हो गए। हादसे में राहुल (30) और राजू (28) की मौत हो गई, जबकि सज्जाद अली (25), सोबत अली (28) और लाल मोहम्मद (18) का उपचार नायर अस्पताल में जारी है।

**आईपीएल 2026 : रिटेंशन और रिलीज लिस्ट जारी**

# कोलकाता और चेन्नई में क्रिकेटरों के लिए मचेगी होड़

- अबु धाबी में 16 दिसंबर को होगी मिनी नीलामी
- 13 सर्वाधिक खिलाड़ियों की जगह केकेआर तो चेन्नई में नौ की जगह खाली

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने वाली आईपीएल की मिनी नीलामी में खिलाड़ियों को लेकर होड़ लगने की उम्मीद है। दस टीमों में से सबसे ज्यादा पैसा इन्हीं दोनों के पास है। केकेआर ने वेंकटेश अय्यर (23.75 करोड़ रुपये) और आंद्रे रसेल (12 करोड़) जैसे महंगे खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है। चेन्नई ने सैमसन को खरीदने के बावजूद कई खिलाड़ियों को रिलीज करके 40 करोड़ बचा लिए हैं।केकेआर को नए सिरे से टीम बनानी होगी। चेन्नई अपने गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर करने की जुगत में होगी।



### टीमों ने किसको रिलीज किया और रखा बरकरार

दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, आरसीबी, कोलकाता, पंजाब, लखनऊ, हैदराबाद, मुंबई और चेन्नई—इन सभी टीमों ने ट्रेड विंडो और रिलीज़ प्रक्रिया में बड़े बदलाव करते हुए कई खिलाड़ियों को बाहर किया और अपने मुख्य खिलाड़ियों को बरकरार रखा। दिल्ली ने छह खिलाड़ियों को रिलीज कर 15 को रिटेन किया, गुजरात ने छह को छोड़ा और 20 को कायम रखा, राजस्थान ने नौ खिलाड़ियों को हटाकर नए ट्रेड किए, आरसीबी ने छह को रिलीज कर 17 को रिटेन किया, कोलकाता ने नौ को हटाकर 12 को बरकरार रखा।

पेज 7 भी देखें।

# बीजेपी से सस्पेंड हुए आरके सिंह ने छोड़ी पार्टी

**एजेंसी | पटना**



भाजपा ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री और आरा के पूर्व सांसद आरके सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। एक्स पर पोस्ट कर उन्होने ये जानकारी दी। आरके सिंह ने लिखा कि मैंने पार्टी को अपना त्यागपत्र भेज दिया है। मेरे द्वारा प्रदेश कार्यालय को भेजे गए पत्र तथा माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा को भेजा गया त्यागपत्र सलंग्न है। साथ ही एक पत्र भी साझा किया है, जिसमें उन्होने स्पष्टीकरण दिया है। इससे पहले पार्टी विरोधी गतिविधि के आरोप में उन्हें पार्टी से सस्पेंड कर दिया गया था।

### 'मेरी कौन सी गतिविधि पार्टी विरोधी'

बिहार बीजेपी को लिखे पत्र में आरके सिंह ने लिखा कि मुझे यह नहीं बताया गया कि मेरी कौन-सी गतिविधि पार्टी-विरोधी है। मैंने सिर्फ इतना कहा कि अपराधियों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए। क्या अपराधियों को टिकट देने का विरोध करना पार्टी-विरोधी है? पार्टी की छवि बचाना मेरा उद्देश्य था, न कि पार्टी विरोध करना. लगता है कि मेरे बयान से कुछ लोग असहज हुए। उन्होंने कहा कि अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के खिलाफ बयान देने को पार्टी-विरोधी गतिविधि बताना असंवैधानिक और अनुचित है।

# छठी कक्षा की छात्रा की मौत

- स्कूल में 100 उठक-बैठक की सजा का आरोप
- परिजनों में आक्रोश, पुलिस और शिक्षा विभाग कर रही जांच




**ओपी यादव | पालघर**

एक निजी विद्यालय की कक्षा छह की छात्रा की मौत का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक सप्ताह पहले देर से स्कूल पहुंचने पर उसे 100 उठक-बैठक करने की सजा दी गई थी। शुक्रवार रात छात्रा ने मुंबई के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मनसे ने लगाया गंभीर आरोप, शिक्षक ने दी अलग प्रतिक्रिया

मनसे कार्यकर्ताओं के अनुसार, मृत छात्रा अंशिका, वसई के सतिवली स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ती थी। 8 नवंबर को देर से आने पर अंशिका सहित चार छात्रों को उठक-बैठक की सजा दी गई थी। मनसे नेता सचिन मोरे का दावा है कि अंशिका पहले से ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थी, इसके बावजूद उसे कठोर दंड दिया गया। वहीं विद्यालय के एक शिक्षक ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि बच्ची ने वास्तव में कितने उठक-बैठक किए और यह भी निश्चित नहीं है कि उसकी मौत का सीधा संबंध इस सजा से है या किसी अन्य कारण से।

### प्रशासनिक जांच जारी, पुलिस में शिकायत नहीं

खंड शिक्षा अधिकारी पांडुरंग गलांगे ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है, जिससे छात्रा की मौत के वास्तविक कारण का पता चलेगा। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि अब तक पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

**स्वदेशी प्रतिभा** | एक ट्रिप में 300 किलो से अधिक ढो सकता है भार

# सेना ने पहाड़ों के लिए बनाया नया मोनोरेल सिस्टम

**एजेंसी | नई दिल्ली**

अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम हिमालयी इलाकों में तैनात भारतीय सैनिकों के लिए बड़ी राहत देने वाला नवाचार सामने आया है। 16 हजार फीट की ऊंचाई पर सेना ने ऐसा स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम तैयार किया है, जो बर्फ से ढके, खतरनाक और बिना सड़क वाले इलाकों में सप्लाई पहुंचाने के काम को पहले से कहीं तेज और सुरक्षित बनाएगा। यह सिस्टम किसी तकनीकी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि सीधे मैदान में सैनिकों की जरूरतों को देखते हुए विकसित किया गया है।



### स्वदेशी प्रतिभा का प्रमाण: सिंधिया



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने एक्स पर पोस्ट करते हुए इस स्वदेशी मोनोरेल सिस्टम की सराहना की और इसे भारत की इंजीनियरिंग क्षमता और आत्मनिर्भरता का उदाहरण बताया। यह सिस्टम अरुणाचल के कमेंग सेक्टर में गजराज/4 कॉर्प्स द्वारा विकसित किया गया है। यह मोनोरेल एक ट्रिप में 300 किलो से ज्यादा भार ढो सकती है, जो भोजन, दवा, गोला-बारूद और जरूरी उपकरणों को बेहद कठिन स्थानों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। हेलिकॉप्टर जहां नहीं पहुंच पाते, वहां यह सिस्टम अब सेना की नई ताकत बन गया है।

### कठिन इलाकों में सप्लाई की बड़ी चुनौती

अरुणाचल प्रदेश के कई दूरस्थ क्षेत्रों में न तो सड़कें हैं और न ही पारंपरिक वाहन चलाने की कोई सुविधा। संकरे पहाड़ी रास्ते, टूटते पत्थर, अचानक बदलता मौसम और कम ऑक्सीजन स्तर सैनिकों के लिए बड़ी समस्या रहे हैं। कई बार उन्हें भारी सामान अपनी पीठ पर लादकर लंबे-लंबे रास्ते तय करने पड़ते थे। ऐसे इलाकों में एक छोटा सफर भी काफी जोखिम भरा और समय लेने वाला साबित होता था।

### मोनोरेल बदलेगी सप्लाई का तरीका

गजराज कॉर्प्स द्वारा तैयार किया गया यह मोनोरेल सिस्टम अब इन सभी चुनौतियों को काफी हद तक कम कर देगा। यह तेज, सुरक्षित और ऊर्जा-किफायती तरीका है, जिससे आगे की पोस्टों तक आपूर्ति पहुंचाना बेहद आसान होगा। सेना का मानना है कि इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि सैनिकों पर बोझ भी कम होगा और ऑपरेशन के दौरान जोखिम भी घटेगा। जरूरत पड़ने पर यह सिस्टम घायल जवानों को निकालने यानी कैजुअल्टी इवैक्यूएशन में भी मदद करेगा। गजराज कॉर्प्स, जिसे भारतीय सेना का 4 कॉर्प्स भी कहा जाता है, पूर्वी सेक्टर में तैनात एक महत्वपूर्ण फॉर्मेशन है। इसका गठन 4 अक्टूबर 1962 को भारत-चीन युद्ध के दौरान किया गया था।

# राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि की सुनवाई स्थगित

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



ठाणे जिले की एक अदालत ने आरएसएस कार्यकर्ता राजेश कुंटे द्वारा दायर मानहानि मामले की सुनवाई शनिवार को 6 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। भिवंडी के संयुक्त सिविल जज (जूनियर डिवीजन) पी. एम. कोलसे इस मामले की सुनवाई कर रहे हैं। शनिवार को शिकायतकर्ता कुंटे के वकील प्रबोध जयवंत ने निजामपुरा पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर अशोक सायकर से गवाह के रूप में पूछताछ करने की अनुमति मांगते हुए कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया।

### राहुल गांधी की कानूनी टीम की अनुपलब्धता के चलते स्थगन

इस मामले की अगली सुनवाई 29 नवंबर को निर्धारित थी, लेकिन राहुल गांधी के वकील नारायण अय्यर ने उस दिन उनकी कानूनी टीम की अनुपलब्धता का हवाला देते हुए सुनवाई आगे बढ़ाने का अनुरोध किया। अदालत ने इस आवेदन को स्वीकार करते हुए सुनवाई की अगली तारीख 6 दिसंबर तय कर दी।

मुंबई आस-पास
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
DBD
दो बजे दोपहर

न्यूज़ ब्रीफ

### शहाड़ पुल के डामरीकरण का काम शुरू



उल्हासनगर। कल्याण और उल्हासनगर को जोड़ने वाला शहर का मुख्य और अत्यंत महत्वपूर्ण शहाड़ पुल मरम्मत कार्य के चलते बंद है, वहीं डामरीकरण का काम शनिवार से तेज गति से शुरू हो गया है और इसे चार दिनों में पूरा किए जाने की उम्मीद है। इंजीनियरों की देखरेख में सभी तकनीकी मानकों का पालन करते हुए दिन-रात युद्धस्तर पर कार्य जारी है। अधिकारियों के अनुसार, डामरीकरण के बाद पुल पर मास्टिक, पेंटिंग और कैट्स-आई लगाने का काम किया जाएगा, जिससे पुल की मजबूती और सुरक्षा और बढ़ेगी। वर्षों तक पुल की गुणवत्ता बनी रहे, इसे ध्यान में रखते हुए मरम्मत का पूरा कार्य उच्च मानकों के तहत किया जा रहा है।

### एक ही दिन दो बस हादसे, कोई जनहानि नहीं

पालघर। पालघर के जव्हार में शनिवार को दो अलग-अलग बस दुर्घटनाएँ हुईं, हालांकि सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। चौथाचीवाडी बस स्टॉप के पास जव्हार-ऐना बस के ब्रेक फेल होने से वह बिजली के खंभे व एक खाली घर पर जा गिरी, जिसमें 20 यात्री घायल हुए। गंभीर घायलों को नाशिक व डहाणू भेजा गया, जबकि अन्य का इलाज जव्हार कुटीर अस्पताल में जारी है। दूसरी घटना कासटवाडी घाट में हुई, जहाँ कार के अनियंत्रित होकर बस से टकराने से बस खाई में गिरते-गिरते बची। बस में 15–18 यात्री सवार थे, जिन्हें चालक ने खिड़की से सुरक्षित बाहर निकाला।

### तलासरी में हाईवे निर्माणस्थल के पास अज्ञात महिला की हत्या

पालघर। पालघर के तलासरी में मुंबई–वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे के निर्माणस्थल के पास एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। संदीप भुरकुड ने पुलिस को बताया कि स्थल के पूर्व दिशा में एक महिला मृत पड़ी मिली, जिसके गले पर ओढ़नी से दबाव के निशान थे। पुलिस के अनुसार मृतका की उम्र 30–35 वर्ष है। उसके हाथों में हरी चूड़ियाँ, दाएँ पैर में काला धागा और पास में 'पीयू ब्लास्ट' कंपनी की चप्पल मिली है। तलासरी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'रील स्टार' शैलेश रामुगाड़े गिरफ्तार

- युवतियों को धोखा देने का आरोप
- विष्णुनगर पुलिस ने की कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली

डोंबिवली की विष्णुनगर पुलिस ने इंस्टाग्राम पर खुद को मॉडल और अमीर बताकर युवतियों को प्रेमजाल में फंसाने वाले रील स्टार शैलेश रामुगाड़े को गिरफ्तार कर लिया है। सहायक पुलिस आयुक्त सुहास हेमाडे ने बताया कि शैलेश सोशल मीडिया की शख्सियत होने का फायदा उठाकर युवतियों को धोखा देता था।



### शादी का झांसा देकर करोड़ों की ठगी

हाल ही में उसने डोंबिवली की एक युवती से शादी का वादा करके उससे 51 लाख रुपए और 92 लाख रुपए के सोने के गहने ठग लिए थे। इसी मामले में विष्णुनगर थाने में केस दर्ज किया गया था और उसी के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया है। बीएमडब्ल्यू कार और अमीर दिखने का नाटक उसका मुख्य हथियार था। युवतियों को अपने रूप-रंग और व्यवहार से प्रभावित कर वह पहले उनसे प्यार का नाटक करता था। जब लड़कियाँ उसके जाल में फँस जातीं, तो वह अलग-अलग बहाने बनाकर उनसे पैसे और गहने ऐंठता था। काम निकलने के बाद वह संपर्क तोड़ देता था—इसी तरीके से वह ठगी को अंजाम देता था।

### हाई-प्रोफाइल लाइफ़स्टाइल दिखाकर करता था भरोसा

शैलेश ठाणे के हीरानंदानी एस्टेट में रहता था, जबकि उसके माता-पिता दिवा में रहते हैं। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ इससे पहले भी कपूरबावड़ी पुलिस स्टेशन में वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। वह खुद को मॉडल बताकर शानदार लाइफ़स्टाइल दिखाता था ताकि लड़कियों का भरोसा जीत सके।

### कई मामलों में हो चुकी है ठगी

पुलिस के अनुसार, शैलेश इससे पहले भी दो अन्य पीड़ितों से 43 लाख और 29 लाख रुपए की ठगी कर चुका है। विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में उसके खिलाफ ऐसी कई शिकायतें दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त अतुल ज़ेंडे और एसीपी सुहास हेमाडे के मार्गदर्शन में जांच शुरू की गई है।

### पुलिस ने बरामद किए सोना, बीएमडब्ल्यू और मोबाइल

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने शैलेश के पास से 39 तोला सोना, एक बीएमडब्ल्यू कार और चार महंगे मोबाइल फोन जब्त किए हैं। वह अब तक तीन युवतियों से ठगी कर चुका है। शिकायतकर्ता युवतियाँ अब स्थानीय थानों में आधिकारिक शिकायतें दर्ज कराएंगी।

### सोना बेचकर खर्च करता था धोखाधड़ी का पैसा

पूछताछ में पता चला कि शैलेश ने ठगी से मिला सोना ठाणे के सुनारों को बेच दिया था। पुलिस ने वह सोना भी बरामद कर लिया है। उसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 10 लाख फ़ॉलोअर्स हैं, जिसके कारण वह आसानी से युवतियों का भरोसा जीत लेता था।

# उप-पंजीयक को बदनाम करने की धमकी देकर 25 लाख की मांग

डीबीडी संवाददाता । ठाणे



ठाणे में एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वॉड ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों पर झूठी जानकारी फैलाने की धमकी देकर एक सब-रजिस्ट्रार अधिकारी से 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की गई, जबकि तीसरा आरोपी किरन मांजरेकर अभी फरार है। तीनों खुद को पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता बताकर अधिकारी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे थे।

### पकड़ने के लिए रेस्टोरेंट में बिछाया गया जाल

शिकायत के आधार पर 14 नवंबर 2025 को जबरन वसूली निरोधक दस्ते ने कलवा के पारसिक नगर स्थित एक रेस्टोरेंट में जाल बिछाया। आरोपियों में से अजय पोपटलाल धोका को शिकायतकर्ता से 20 लाख रुपये लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। इसके बाद मीरा-भायंदर क्षेत्र से मनोज विजय मयेकर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की एफआईआर कलवा पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है।

### 18 नवंबर तक पुलिस हिरासत, जांच जारी

दोनों आरोपियों को 15 नवंबर को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 18 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया। पुलिस उपायुक्त अमरसिंह जाधव और सहायक पुलिस आयुक्त विनय घोरपड़े के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शैलेश साल्वी के नेतृत्व में एंटी एक्सटॉर्शन स्क्वॉड आगे की जांच कर रहा है।

# इंडिगो 25 दिसंबर से नवी मुंबई हवाई अड्डे से शुरू करेगी उड़ानें




डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

इंडिगो 25 दिसंबर से नवी मुंबई हवाई अड्डे से उड़ानें शुरू करेगीइंडिगो ने शनिवार को कहा कि वह 25 दिसंबर से नवनिर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान संचालन शुरू करेगी। इसके तहत घरेलू हवाई सेवाओं के जरिये 10 शहरों को जोड़ा जाएगा। इंडिगो ने यह भी कहा कि वह मुंबई महानगर क्षेत्र के दूसरे हवाई अड्डे से अपने परिचालन का विस्तार करने की योजना बना रही है। इसमें समय के साथ और अधिक गंतव्यों को जोड़ा जाएगा।

# सड़कों का गैप दे रहा जानलेवा दुर्घटना को दावत

- रोज हो रही दुर्घटना में दर्जनों हो रहे घायल, कईयों की अब तक जा चुकी है जान

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी शहर में बारिश के बाद सड़कों के किनारे बने गहरे गैप लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। रोजाना कई बाइक सवार और पैदल यात्री इन गैप में फिसलकर घायल हो रहे हैं, जबकि कुछ मौतें भी हो चुकी हैं। हादसों के बढ़ने के बावजूद मनपा प्रशासन की लापरवाही से नागरिकों में गहरा आक्रोश है। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद गैप की मरम्मत नहीं की जा रही है, जिससे खतरा दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है।

### कई इलाकों में मिट्टी बहने से बने गड्ढे



कल्याण नाका से नदीनाका, कल्याण रोड और शहर की अन्य सड़कों पर बरसात के दौरान मिट्टी बहने से आरसीसी और डामर सड़कों के किनारे बड़े गैप बन गए हैं। बाइक सवार अक्सर इन गैप में फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। 15 अक्टूबर को राज रंजन सिंह (20) की साईबाबा मंदिर के पास इसी गैप के कारण बाइक स्लिप होने से मौत हो गई थी, जब पीछे से आए ट्रेलर ने उसे कुचल दिया। इससे पहले बंजारपट्टी में भी सड़क किनारे गैप के कारण एक डॉक्टर की मौत हो चुकी है। नागरिकों का कहना है कि हर दिन कई लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन मनपा की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### स्थानीयों की मनपा से त्वरित कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों ने मनपा आयुक्त अनमोल सागर से पूछा है कि आखिर कितनी जानें जाने के बाद सड़कों के गैप को भरा जाएगा। नागरिकों ने मनपा निर्माण विभाग से तुरंत सभी गैप को भरने की मांग की है। इस बीच, मनपा के शहर अभियंता जमिल पटेल ने कहा कि बारिश के दौरान गैप भरना संभव नहीं था। उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद शहर के सभी प्रभागों में गैप भरने का काम शुरू हो चुका है और इसके लिए ठेकेदार नियुक्त कर दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही नागरिकों को इस समस्या से राहत मिलेगी।

# घर खरीदने के नाम पर ठगी

डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली

डोंबिवली पश्चिम में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण और फ्लैटों की खरीद-फरोख्त में धोखाधड़ी के मामले बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में चिंचोड्या पाड़ा स्थित रागई मंदिर के पास एक इमारत में घर खरीदने के नाम पर एक महिला से 4 लाख रुपए की ठगी की गई। शिकायतकर्ता रोशनी राकेश पवार ने विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रूपाली शैलेश कांबले के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। यह घटना दिसंबर 2023 से मई 2024 के बीच हुई बताई जा रही है।

### फ्लैट दिखाकर पैसे लिए, कब्ज़ा नहीं दिया

पुलिस के अनुसार, रोशनी पवार ने रूपाली कांबले के फ्लैट का निरीक्षण किया और 14 लाख रुपए में सौदा तय किया। रोशनी ने 4 लाख रुपए चेक के माध्यम से रूपाली को दे दिए और बाकी राशि किस्तों में देने पर सहमति बनी। लेकिन लिखित समझौते के बाद भी रूपाली ने फ्लैट का कब्ज़ा नहीं दिया। बाद में पता चला कि उसने वही फ्लैट किसी अन्य व्यक्ति को ज़्यादा ज़मानत राशि पर दे दिया। एक साल बीतने के बाद भी न घर मिला, न पैसे लौटाए गए, जिसके बाद रोशनी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# पुल की रेलिंग तोडक़र नदी में गिरीकार, चालक की मौत

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई में शुक्रवार देर रात एक कार खारघर टोल के पास सायन-पनवेल हाईवे पर बने पुल की रेलिंग तोड़ते हुए कासाड़ी नदी में गिर गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कार को नदी से बाहर निकाला। घायल चालक को तुरंत पनवेल उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रिक्शा से टकराने के बाद अनियंत्रित हुई कार

पुलिस के अनुसार, कार पहले एक रिक्शा से टकराई, जिसके बाद वह नियंत्रण खो बैठी और सीधे नदी में जा गिरी। चालक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। नवी मुंबई पुलिस इस दुर्घटना की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा वाहन के दस्तावेज़ों के आधार पर आगे की जानकारी जुटाई जा रही है।

### डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग

# युवक से 16.98 लाख की ठगी

**पालघर।** वाडा तालुका में डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग का गंभीर मामला सामने आया है। गालतरे थुसालपाड़ा निवासी सागर दलवी (27) ने पुलिस को बताया कि इंस्टाग्राम पर एक अज्ञात महिला ने संपर्क किया और मोबाइल नंबर लेकर व्हॉट्सऐप वीडियो कॉल पर नग्न होकर उसका वीडियो रिकॉर्ड कर लिया। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई। इसी क्रम में एक व्यक्ति ने खुद को मुंबई का एसीपी राकेश चव्हाण बताकर मामले में फंसाने की धमकी दी और पीड़ित पर मानसिक दबाव बनाया।

### ठगों ने स्कैनर भेजकर ऐंठे 16.98 लाख रुपए

धमकियों के बीच आरोपियों ने अलग-अलग स्कैनर भेजकर पीड़ित से कुल 16,98,500 रुपए ट्रांसफर कराए। वाडा पुलिस ने इस मामले में तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर 3.5 लाख की ठगी

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

तुर्भे एमआईडीसी इलाके में 29 वर्षीय व्यवसायी के साथ क्रिप्टो टोकन खरीदने के नाम पर 3.5 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक घटना बुधवार की है और यह पूरी वारदात योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दी गई। शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। चार आरोपियों ने पहले व्यवसायी से संपर्क कर उसे क्रिप्टो टोकन बेचने का लालच दिया। विशाल और कबीर नामक दो आरोपियों ने उसे सौदा पक्का करने के लिए तुर्भे एमआईडीसी स्थित एक स्थान पर बुलाया। व्यवसायी उनकी बातों में आकर तय समय पर कैश लेकर मौके पर पहुंच गया।

### पुलिस वर्दी में आए दो नकली अधिकारी



व्यवसायी के पहुंचते ही एक कार सवार दो अज्ञात व्यक्ति पुलिस वर्दी में वहां पहुंचे। उन्होंने सर्चिंग के नाम पर उसके पास मौजूद 3.5 लाख रुपए वाला पैकेट जांच के बहाने मांगा। देखते ही देखते दोनों नकली पुलिसकर्मी पैकेट छीनकर कार में बैठे और चारों आरोपी मौके से फरार हो गए। तब व्यवसायी को समझ आया कि यह पूरी डील फर्जी थी।

### केस दर्ज, आरोपियों की तलाश जारी

शिकायत के बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 318(4), 204 और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस टीमें आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छानबीन कर रही हैं। अधिकारी बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार यह एक संगठित ठगी गिरोह का काम हो सकता है।

# 12 साल बाद लगा मंत्री का जनता दरबार

### बड़ी संख्या में नागरिकों ने दर्ज कराईं शिकायतें

विनय दूबे । भाईंदर

ठाणे और पालघर जिलों में वन मंत्री गणेश नाईक द्वारा लगाए जा रहे जनता दरबार को मिला सकारात्मक प्रतिसाद देखते हुए मीरा-भाईंदर में भी विधायक नरेंद्र मेहता की पहल पर जनता दरबार का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

"जनता दरबार का मंत्र है— सरकार आपके द्वार। हमारा उद्देश्य है कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का तुरंत समाधान हो और सरकारी योजनाओं व सेवाओं की विस्तृत जानकारी जनता तक पहुँचे।
गणेश नाईक, वनमंत्री

"जनहित के कार्यों में आ रही दिक्कतों को लेकर वन विभाग के आला अधिकारियों ने एमबीएमसी आयुक्त के साथ बैठक कर कई समस्याओं का समाधान किया है। जनता दरबार जैसे उपक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।
नरेंद्र मेहता, विधायक

### बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिक

मीरा रोड स्थित महाराष्ट्र भूषण अप्पासाहेब धर्माधिकारी सभागृह में आयोजित जनता दरबार में भारी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। टोकन के आधार पर लोगों ने अपनी लिखित शिकायतें मंत्री के समक्ष प्रस्तुत कीं, जिनमें मुख्य रूप से मनपा के संपत्ति, जल, निर्माण और स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्याएं शामिल थीं।

### राजस्व विभाग से लेकर ठेकेदारों तक, सभी ने रखीं शिकायतें



राजस्व विभाग में सात गुना बदलाव और सुनवाई प्रक्रिया में देरी जैसी शिकायतें भी सामने आईं। मनपा के ठेकेदारों, भाजपा के पूर्व नगरसेवकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी अपनी समस्याएं मंत्री के सामने रखीं। मंत्री नाईक ने सभी मामलों को सुनकर अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। करीब 12 साल पहले ठाणे जिले के पालक मंत्री रहने के दौरान गणेश नाईक नियमित रूप से जनता दरबार लगाते थे। समय, पार्टी और पद बदलने के बाद अब मीरा-भाईंदर में जनता दरबार आयोजित कर उन्होंने स्थानीय राजनीति में अपनी मजबूत वापसी का संकेत दिया। आयोजन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में एमबीएमसी, राजस्व विभाग, एमबीवीवी पुलिस, उप-पंजीयक कार्यालय समेत कई विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहे।

# डिलीवरी ब्वाय को नशीला पेय पिलाकर 3 लाख की लूट

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

टाटा आमंत्रा बिल्डिंग के पास एक डिलीवरी ब्वाय को शीतलपेय में नशीली दवा मिलाकर लूटे जाने की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आरोपी कार चालक ने वसई निवासी संदीप नरसय्या बोंगले (38) को अपने जाल में फँसाकर करीब 3 लाख रुपये मूल्य के सोने के गहने और नकदी लूट लिए। डिलीवरी ब्वाय की शिकायत पर कोनगांव पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना ने शहर में जहरखुरानी और चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर भय का माहौल पैदा कर दिया है।



### आरोपी की तलाश जारी

कोनगांव पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 123, 303(2) के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रही है। भिवंडी पुलिस उपायुक्त श्रीकांत बोराटे ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से सतर्क रहें और ऐसी घटनाओं की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराधियों पर शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

### जीरा सोडा में नशीला पदार्थ मिलाकर किया बेहोश

पुलिस के अनुसार, 12 नवंबर 2025 की सुबह लगभग 9:12 बजे संदीप बोंगले टाटा आमंत्रा बिल्डिंग नंबर 02 के पास डिलीवरी के लिए पहुँचे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे बातचीत में उलझाया और अपनी सफेद कार में बैठाया। इसके बाद उसने जीरा सोडा में बेहोशी की दवा मिलाकर संदीप को पिलाया, जिससे वह अचेत हो गया। आरोपी सोने के गहने, नकदी व अन्य सामग्री सहित कुल 3 लाख रुपये का माल लेकर फरार हो गया। काफी देर बाद होश आने पर संदीप को लूट की जानकारी हुई और उन्होंने कोनगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

# चुनावी तैयारियों में जुटी शिवसेना यूबीटी

## नुक्कड़ सभा करने के साथ ही सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणाएं शुरू

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी मनपा की नई वार्ड रचना घोषित होते ही शिवसेना (यूबीटी) ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। शनिवार को गायत्रीनगर इलाके में आयोजित सभा में पार्टी ने प्रभाग 3 की सभी चार सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया। हालांकि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा अभी बाकी है, लेकिन पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि भिवंडी मनपा चुनाव वह अकेले दम पर लड़ेगी।

### गायत्रीनगर में सभा, बड़े पैमाने पर लोगों की उपस्थिति



दुर्गा माता मंदिर के बगल स्थित हॉल में आयोजित इस बैठक में भारतीय कामगार सेना के भिवंडी उपाध्यक्ष और उप-पैनल प्रमुख मुजम्मिल खान द्वारा चौक सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। सभा में शिवसेना (यूबीटी) ने प्रभाग 3 की सभी चार सीटों पर चुनाव लड़ने की आधिकारिक घोषणा की। कार्यक्रम में नागरिकों को मोबाइल के जरिए होने वाली ऑनलाइन ठगी के बारे में जानकारी दी गई और इससे बचाव के उपाय भी बताए गए। उपस्थित नागरिकों को प्रशंसा पत्र भी वितरित किए गए।

### सैकड़ों लोगों ने पार्टी पर जताया विश्वास, चुनाव में साथ देने का संकल्प

सभा के दौरान सैकड़ों मुस्लिम नागरिकों ने शिवसेना (यूबीटी) पर विश्वास जताते हुए भारतीय कामगार सेना में शामिल होने की घोषणा की। बैठक में आम नागरिकों ने आगामी चुनाव में शिवसेना को पूरा समर्थन देने का संकल्प लिया। इस मौके पर भिवंडी शिवसेना जिला प्रमुख मनोज ग़गे, मनपा संपर्क प्रमुख किशोर पोतदार, जिला संघटक वैशालीताई मेस्त्री, जिला सचिव राजाभाऊ पुण्यार्थी, कामगार सेना अध्यक्ष नजीर पप्पन शेख, और विभिन्न आघाड़ियों एवं संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभा में शिवसेना कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति ने पार्टी की चुनावी तैयारियों को और मजबूती दी।

# पूर्व-जनगणना प्रक्रिया शुरू प्रारंभिक परीक्षण जारी

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

जनगणना 2027 की तैयारी के तहत बृहन्मुंबई महानगरपालिका के एम-पश्चिम विभाग में पूर्व-चाचणी शुरू की गई है। इस पूर्व-चाचणी में जनगणना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घर-यादी और घरगणना से जुड़े पहले चरण की यह पूर्व-चाचणी 10 नवंबर 2025 से 30 नवंबर 2025 तक पूरे देश के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में की जा रही है। इसके अलावा, स्व-गणना का विकल्प 1 नवंबर से 7 नवंबर 2025 के बीच उपलब्ध कराया गया था।



### मुंबई महानगरपालिका में विस्तृत व्यवस्था तैयार

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के लिए आयुक्त को प्रधान जनगणना अधिकारी, पश्चिम उपनगरों के अतिरिक्त आयुक्त को अतिरिक्त प्रधान जनगणना अधिकारी तथा कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी को शहर जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। एम/पश्चिम विभाग में इस पूर्व-चाचणी के लिए 142 घरयादी समूह बनाए गए हैं। कुल 135 प्रगणक और 22 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इन सभी को 6 से 8 नवंबर 2025 के बीच प्रशिक्षण दिया गया है।

### क्षेत्रीय कार्य प्रगति पर, उच्चस्तरीय बैठक आयोजित

एम-पश्चिम विभाग में 10 नवंबर 2025 से क्षेत्रीय पूर्व-चाचणी कार्य शुरू हो चुका है। इसकी समीक्षा बैठक महाराष्ट्र शासन की अतिरिक्त मुख्य सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) सीमा व्यास की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें महाराष्ट्र जनगणना संचालनालय की निदेशक डॉ. निरुपमा डांगे, उप महानिबंधक ए.एन. राजीव, और कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दक्षा शहा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद जनगणना टीम ने जाकर निरीक्षण किया और प्रगणक व पर्यवेक्षकों के कार्य का मूल्यांकन किया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि पूर्व-चाचणी का कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

### महाराष्ट्र में तीन क्षेत्रों में होगी पूर्व जांच

महाराष्ट्र में जनगणना की यह पूर्व जांच तीन चयनित क्षेत्रों में हो रही है। इसमें बृहन्मुंबई महानगरपालिका का एम/पश्चिम विभाग (आंशिक), जळगाव जिले का चोपड़ा तहसील (आंशिक) और कोल्हापुर जिले का गगनबावडा तहसील शामिल है। इन क्षेत्रों में जनगणना अधिनियम 1948 के सभी प्रावधान लागू रहेंगे।

### डिजिटल जनगणना की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल माध्यम से की जाएगी। इस पूर्व-चाचणी के तहत घर-यादी और घरगणना के पहले चरण में पर्यवेक्षक DLM ऐप की मदद से प्रत्येक घरयादी समूह की सीमांकन प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके बाद इस सीमा के भीतर आने वाली सभी इमारतों, घरों और परिवारों का डेटा प्रगणक HLO ऐप के माध्यम से एकत्रित करेंगे। साथ ही CMMS पोर्टल के जरिए क्षेत्रीय कार्य की निगरानी और प्रबंधन किया जाएगा।

# कांग्रेस ने आदिवासी वीरों की भूमिका को किया नजरअंदाज: फडणवीस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस पर स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी वीरों की भूमिका को नजरंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले के कांग्रेस नेतृत्व वाले सरकारों ने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी वीरों की भूमिका को इतिहास की किताबों से जानबूझकर हटाया। यह बात उन्होंने शनिवार को आदिवासी अधिकार नेता और स्वतंत्रता सेनानी बीरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर कही। इस दौरान फडणवीस ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनकी सरकार आदिवासी समुदाय की जल, जमीन, जंगल और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आदिवासी छात्रों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें आदिवासी आश्रम शालाओं का निर्माण, जिन छात्रों को आदिवासी छात्रावास में प्रवेश नहीं मिलता, उन्हें 60,000 रुपये की सहायता, आदिवासी महिलाओं को सशक्त बनाने और आदिवासी गांवों में सड़क निर्माण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी राज्य और केंद्र की योजनाएं लागू की जा रही हैं।

### आदिवासी छात्रों को मिल रहा लाभ: सीएम



फडणवीस ने कहा कि आदिवासी आश्रम शालाओं का डिजिटलीकरण और उच्च शिक्षा योजनाओं से आदिवासी छात्रों को लाभ मिल रहा है। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के उस संदेश को भी दोहराया, जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समुदाय के योगदान को उजागर करने और उनके सम्मान में किताबें लिखने, मूर्तियां बनाने और स्मारक स्थापित करने की बात कही थी।

### नितिन गडकरी ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

सीएम फडणवीस के अलावा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी बिरसा मुंडा के जयंती पर उनको श्रद्धांजलि दी। गडकरी ने कहा कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकार आदिवासी समुदाय के जल, जमीन और जंगलों के विकास को नई दिशा देने के लिए काम कर रही हैं। उन्होंने बिरसा मुंडा के योगदान को भी सराहा और कहा कि सरकार आदिवासियों के विकास और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।

# टिकट काउंटर की भीड़ कम करने के लिए यूटीएस सहायकों की नियुक्ति



### 15 दिनों में 20.33 लाख रुपए की कमाई

**मुंबई।** मुंबई में यात्रियों को बिना कतार के टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य रेलवे ने मोबाइल यूटीएस सहायकों की नियुक्ति शुरू की है। यह नई व्यवस्था टिकट काउंटर के आसपास तैनात कर्मचारियों के माध्यम से तुरंत टिकट उपलब्ध कराती है। इस पहल से केवल 15 दिनों में रेलवे को 22.01 लाख रुपये का राजस्व मिला है।31 अक्टूबर से शुरू की गई इस सेवा के तहत सीएसएमटी स्टेशन पर तीन एम-यूटीएस सहायकों को नियुक्त किया गया है। इनके पास मोबाइल फोन और पोर्टेबल टिकट प्रिंटिंग मशीन होती है। यह कर्मचारी टिकट काउंटर की कतार में खड़े यात्रियों के पास जाकर किराया लेते हैं और उन्हें मौके पर ही टिकट जारी कर देते हैं।

### डिजिटल और नकद दोनों विकल्प उपलब्ध

मध्य रेलवे के अनुसार, यात्रियों के पास अब एटीवीएम, यूटीएस सिस्टम और मोबाइल यूटीएस के अलावा एम-यूटीएस सहायकों का विकल्प भी है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत इन कर्मचारियों को टिकट खिड़की के अंदर बैठकर भी टिकट जारी करने की अनुमति दी गई है। 31 अक्टूबर से 14 नवंबर के बीच कुल 201 टिकट एम-यूटीएस माध्यम से बेचे गए, जिससे 22.01 लाख रुपये की कमाई हुई।

भारतीय रेलवे ने नई दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई और मुंबई सीएसएमटी सहित प्रमुख स्टेशनों पर एम-यूटीएस सहायकों को तैनात किया है। रेलवे प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था यात्रियों के समय की बचत करेगी और टिकट प्रक्रिया को तेज बनाएगी। मध्य रेलवे ने यात्रियों से इस सुविधा का अधिकतम उपयोग करने की अपील भी की है।

पार्थ पवार जमीन सौदा

# हाईकोर्ट के जज करें मामले की न्यायिक जांच: कांग्रेस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में पुणे के मुंढवा इलाके की सरकारी जमीन के सौदे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़ी कंपनी पर लगे अनियमितता के आरोपों की जांच हाईकोर्ट के जज से कराने की मांग की है। वडेट्टीवार ने आरोप लगाया कि सरकार तथ्यों को छिपाने का प्रयास कर रही है और मौजूदा जांच "दिखावा" मात्र है।



### जांच समिति पर उठाए सवाल

कांग्रेस विधायक ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर तटस्थ, स्वतंत्र और विस्तृत जांच की मांग की। उनका कहना है कि दो तहसीलदारों पर की गई कार्रवाई विवादित भूमि सौदे से संबंधित नहीं है। वडेट्टीवार ने कहा कि कलेक्टर से लेकर एसडीओ और अन्य अधिकारी इस जमीन खरीद में संलिप्त थे, ऐसे में कलेक्टर खुद कैसे जांच समिति का हिस्सा हो सकते हैं? उन्होंने मौजूदा जांच पैनल को तुरंत भंग करने और संबंधित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

### क्या है मामला?

विवाद उस समय बढ़ा जब आरोप सामने आया कि पार्थ पवार से जुड़ी कंपनी ने मुंढवा की लगभग 1800 करोड़ रुपये मूल्य की जमीन को महज 300 करोड़ रुपये में खरीदने का सौदा किया था। यह जमीन सरकारी है और इसके सौदे के लिए सरकार की अनुमति अनिवार्य होती है। महाराष्ट्र सरकार ने एक जांच समिति गठित कर दी है, वहीं अजित पवार ने घोषणा की है कि यह जमीन सौदा रद्द किया जा चुका है। कांग्रेस का कहना है कि इस पूरे मामले की पारदर्शिता तभी सामने आएगी जब जांच हाईकोर्ट के जज की अध्यक्षता में कराई जाएगी।

# लावारिश बैग से मची अफरा-तफरी



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई के अंधेरी स्थित गुंदावली मेट्रो स्टेशन पर शनिवार दोपहर करीब 2 बजे एक काला लावारिश बैग मिलने से हड़कंप मच गया। दिल्ली धमाके के बाद शहर पहले से ही हाई अलर्ट पर है, जिसके चलते सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। अंधेरी पुलिस ने BDDS टीम को मौके पर बुलाया और स्टेशन के आसपास घेराबंदी कर जांच शुरू की।

BDDS की प्राथमिक जांच में बैग से 'बाल रक्षक भारत, न्यू दिल्ली' से जुड़े कुछ कागज़ात मिले, लेकिन टीम ने स्पष्ट किया कि उसमें कोई भी विस्फोटक या खतरनाक सामग्री नहीं पाई गई। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के जरिए यह पता लगा रही है कि बैग किसने छोड़ा था। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चल रही हैं।

# कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

**मुंबई।** महाराष्ट्र कांग्रेस ने शनिवार को आगामी नगरपालिका और नगर पंचायत चुनावों के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इस सूची में पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक और संगठन के महत्वपूर्ण पदाधिकारी शामिल हैं, जो राज्यभर में चुनावी रणनीति और प्रचार अभियान को मजबूती देंगे।

### चुनावी अभियान को गति देंगे शीर्ष नेता

पार्टी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव मुकुल वासनिक, राज्यसभा सांसद रजनी पाटिल, गोवा प्रभारी माणिकराव ठाकरे और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले भी चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। ये सभी नेता राज्य के नगर निगम, नगरपालिका परिषद और नगर पंचायत क्षेत्रों में जाकर स्थानीय संगठन को मजबूत करेंगे और मुद्दों को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाएंगे। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि स्टार प्रचारकों की यह टीम आगामी दो दिसंबर को होने वाले चुनाव में पार्टी के माहौल को बेहतर बनाने में निर्णायक साबित होगी।

# सीएम फडणवीस ने राहुल गांधी को दी आत्मचिंतन की सलाह

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को मिली बड़ी सफलता के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला। फडणवीस ने कहा कि राहुल गांधी अगर हार पर आत्मचिंतन नहीं करेंगे तो वे हर बार असफल होते रहेंगे। यह प्रतिक्रिया तब आई जब राहुल गांधी ने चुनाव परिणामों को चौंकाने वाला बताते हुए दावा किया था कि बिहार में चुनाव शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था।

### राहुल गांधी ने उठाए सवाल, सीएम फडणवीस ने दिया जवाब



चुनावी नतीजों के बाद राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर मतदाताओं का आभार जताया और कहा कि वे एक 'अनुचित' चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके। उन्होंने इसे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई बताया और कहा कि कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन इस परिणाम की समीक्षा कर आगे की रणनीति मजबूत करेगा। राहुल गांधी की टिप्पणी पर फडणवीस ने पलटवार करते हुए कहा कि जब तक कांग्रेस आत्म-परीक्षण नहीं करेगी, तब तक उसकी 'मिट्टी-पलीद' होती रहेगी। उन्होंने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जनता के विश्वास की प्रचंड जीत बताया। फडणवीस ने कहा कि बिहार के मतदाताओं ने जातिगत राजनीति से ऊपर उठकर एनडीए को स्पष्ट बहुमत दिया है।

### कांग्रेस के लिए सबक, नहीं सुधरी तो होगा सफाया: फडणवीस

फडणवीस ने कहा कि बिहार ने महागठबंधन और खासकर कांग्रेस को स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि वे संवैधानिक संस्थाओं और जनता के जनादेश का अपमान करेंगे तो उन्हें जनता समर्थन नहीं देगी। उन्होंने टिप्पणी की कि कांग्रेस को इस बार मिली कम सीटें रिकॉर्ड स्तर पर हैं और यदि पार्टी ने आत्ममंथन नहीं किया तो भविष्य में उसका राजनीतिक सफाया तय है।

**मध्य रेल**
सोलापूर मंडल
यांत्रिक कार्य
**निविदा सूचना क्रमांक:- 11-2025 dated 14.11.2025**
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), मध्य रेल, सोलापुर के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओरसे निम्नलिखीत कार्य के लिए ख्यातीप्राप्त प्रतिष्ठानों/ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। : **कार्य का नाम स्थान सहित** : सोलापुर डिवीजन में एलएचबी एसी कोचों में आरएमपीयू के नीचे एफआरपी ट्रफ के स्थान पर मेटल ट्रफ (एसएस ड्रिप ट्रे) के कार्यान्वयन का अनुबंध कार्य।, **निविदा कार्य पध्दती** - एक पॅकेट सिस्टम, **कार्य की औसत लागत** - रु. 50,85,715.95/-, **निविदा प्रपत्र मुल्य** – Nil, **कार्यालय का पता, जहां से निविदा प्रपत्र खरीदे जा सकते है** – मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), मध्य रेल, सोलापुर, **जमा करने योग्य बयाना रकम** – रु. 1,01,800/-, **कार्य का समापन अवधि** – दोन साल चार महीने कार्य की प्रारंभ की तिथि से, **निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय** – 08.12.2025 at 15.00 hrs., **निविदा बक्सा खुलने की तिथी एवं समय** – 08.12.2025 at 15.30 hrs., **वेबसाईट विवरण एवं सूचना बोर्ड लोकेशन जहां से निविदा के संपुर्ण विवरण देखे जा सकते है** - www.gem.gov.in
SUN 91 वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता
टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

# मुलुंड में अवांछित परियोजनाओं से नागरिकों में फैला असंतोष

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई प्रशासन द्वारा कठिन और अवांछित परियोजनाओं को मुलुंड में स्थानांतरित करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। पहले परियोजना प्रभावित लोगों के लिए घर, फिर धारावी पुनर्विकास के अयोग्य निवासियों के लिए घर, उसके बाद कबूतरखाने—और अब मुलुंड पूर्व में आवारा कुत्तों के आश्रय स्थल बनाने का निर्णय लिया गया है। इससे स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।



### मुलुंड में 1000 कुत्तों के लिए आश्रय का प्रस्ताव

कुत्तों की नसबंदी कार्यक्रम को बढ़ाने और उनकी आबादी नियंत्रित करने को लेकर बीएमसी ने बैठक की। इसी दौरान मुलुंड पूर्व में 1000 कुत्तों के लिए नए आश्रय बनाने का निर्णय हुआ। हालांकि, स्थानीय लोगों ने इसका कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ेंगी और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी प्रभावित होगी।

### मुलुंड पर एक के बाद एक परियोजनाओं का बोझ

मुलुंड में पहले ही कई बड़े प्रोजेक्ट चल रहे हैं—परियोजना प्रभावितों के लिए 7,500 घर, फिर नमक के मैदानों में धारावी निवासियों के लिए घर, कबूतरखाना और अब कुत्ता आश्रय। सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट सागर देवरे ने सवाल उठाया है कि आखिर इतनी परियोजनाएँ सिर्फ मुलुंड में ही क्यों लाई जा रही हैं? क्या सरकार मुलुंडवासियों को हल्के में ले रही है? मुलुंड पूर्व के भाजपा पार्षद प्रकाश गंगाधर ने कहा कि कबूतरखाना और डॉग शेल्टर समाज की आवश्यकता हैं, लेकिन इनका निर्माण इस तरह होना चाहिए कि स्थानीय नागरिकों को कोई परेशानी न हो।

### निवासी परेशान, प्रदूषणकारी परियोजनाओं से बढ़ी चिंता

मुलुंड पूर्व में एक के बाद एक प्रदूषणकारी और असुविधाजनक परियोजनाएं लाई जा रही हैं। निवासियों का कहना है कि मुंबई का हिस्सा होने के बावजूद उनके साथ अन्याय हो रहा है और क्षेत्र का जीवनस्तर लगातार प्रभावित हो रहा है।

स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों जैसे इलाकों में आवारा कुत्तों के हमलों में वृद्धि के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 7 नवंबर को आदेश दिया था कि इन स्थानों से कुत्तों को हटाकर आश्रयों में रखा जाए। मुंबई में लगभग एक लाख आवारा कुत्ते हैं, जबकि नगर निगम के पास बेहद सीमित—सिर्फ आठ—आश्रय स्थल हैं।

# बिहार की धमाकेदार जीत का सिलसिला मुंबई में भी जारी रहेगा : आचार्य पवन त्रिपाठी

### बीएमसी में इस बार बैठेगा बीजेपी का महापौर : त्रिपाठी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बिहार में बीजेपी की प्रचंड जीत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकास की मुहिम, सुशासन के मंत्र पर जनता के भरोसे की मुहर है। देश सकारात्मक राजनीति चाहता है, विपक्ष के बंटवारे की लड़ाई को नया भारत पूरी तरह से नकार रहा है। जो लोग भी कांग्रेस के साथ गए हैं, सभी की हार तय है, चाहे तेजस्वी हों, अखिलेश हों या उद्धव ठाकरे हों। श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष और मुंबई बीजेपी के नव नियुक्त महामंत्री आचार्य पवन त्रिपाठी ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि महाराष्ट्र में होने वाले बीएमसी समेत पूरे राज्य के स्थानीय निकाय चुनावों में बीजेपी का परचम लहराएगा। महाराष्ट्र के यशस्वी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस जी के नेतृत्व में बीएमसी में बीजेपी



का महापौर आएगा, महायुति की जीत होगी।

मुंबई की जनता को देवा भाऊ के वादों पर भरोसा है। देवेंद्र जी के नेतृत्व में मेट्रो, कोस्टल रोड, वाटर ट्रांसपोर्ट, एलिवेटेड रोड का काम शुरू है। मुंबई को सुरक्षित और विकसित बनाने का बीजेपी का संकल्प है।

**पश्चिम रेलवे**
**वार्षिक रखरखाव अनुबंध कार्य**
उप मुख्य विद्युत अभियंता (पश्चिम), पश्चिम रेलवे डिब्बा मरम्मत कारखाना, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013, **ई-निविदा सूचना संख्या: EL/WA/PL/2025-26/25, दिनांक: 10.11.2025 आमंत्रित करते हैं । कार्य का नाम:** कार्य के दायरे के अनुसार लोअर परेल डिब्बा कार्यशाला की मशीनों में स्थापित विभिन्न ब्रांडों के VVVF, VFD ड्राइव के लिए तीन वर्षों की अवधि हेतु व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत:** 19,52,593.20, **अग्रिम राशि:** 39,100/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 05.12.2025, 12:00 बजे तक। **निविदा खोलने की तिथि:** 05.12.2025 को दोपहर 12:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें: www.ireps.gov.in
0780
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**मरम्मत, पुनर्निर्माण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग कार्य**
उप मुख्य विद्युत अभियंता (पश्चिम), पश्चिम रेलवे डिब्बा मरम्मत कारखाना, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013, **ई-निविदा सूचना संख्या: EL/WA/PL/2025-26/26 दिनांक: 10.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम:** डिब्बा मरम्मत कारखाना, लोअर परेल के एसी डिब्बों के 0.5 HP 3 फेज 415 V, 50 Hz सेल्फ प्राइमिंग मोनो-ब्लॉक पंप की मरम्मत, पुनर्निर्माण, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **मात्रा:** 520,**कार्य की अनुमानित लागत:** 10,25,635/-, **बयाना राशि:** 20,500/-। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय:** 05.12.2025, दोपहर 12:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथि:** 05.12.2025 को दोपहर 12:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।
0778
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
मुंबई मंडल
विभिन्न विद्युत कार्य
**खुली ई-निविदा सूचना क्र. 33/2025 दिनांक 12.11.2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाईट www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण** - मुंबई मंडल में पुरानी तकनीक के 02 लिफ्टों का प्रतिस्थापन और 09 लिफ्टों का संशोधन कार्य करने हेतु। **(निविदा क्र. 33/2025 BB.LG.W.DR.2025.09)**, **कार्य की औसत लागत** - Rs. 1,61,96,343/-, **बोली प्रतिभूति** - Rs. 2,31,000/-, **वैधता** - 60 दिन, **समापन अवधि** - 09 माह (समापन), **अनुदेश:** 1. उपर्युक्त निविदा कि बंद होने कि तिथि एवं समय 04.12.2025 को 13:00 बजे और उसी दिन 13:00 बजे बाद खोली जाएगी। 2. निविदाकर्ता से अनुरोध है कि निविदा के सम्पूर्ण विवरण एवं शुध्दीपत्र, यदि को ई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 3. निविदाकर्ता वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रुप से निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। 4. आगे कि अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य सेवा) मध्य रेलवे, ऐक्स भवन, प्रथम तल, छ.शि.म.ट. मुंबई - 400001 से संपर्क कर सकते है। 5. यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)
SUN 656
टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

## संपादकीय

# फिर राजग का बिहार

बेहद जटिल सामाजिक परिस्थितियों वाले देश के बड़े राज्य बिहार का महासंग्राम आखिरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जीत ही लिया। एनडीए ने बिहार में विपक्ष के महागठबंधन को करारी शिकस्त दी है। यह जीत पिछले साल महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन द्वारा महाविकास अघाड़ी को करारी शिकस्त देने जैसी ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और उसने उस राज्य में अपनी स्थिति मजबूत की है, जहां अभी तक उसका अपना मुख्यमंत्री नहीं रहा है। बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यूनाइटेड यानी जदयू ने तमाम मुश्किलों को पार करते हुए सम्मानजनक दूसरा स्थान हासिल किया है। चुनाव से पहले नीतीश कुमार महागठबंधन के नेताओं के निशाने पर थे। उन्हें थका हुआ, बीमार और रिटायर होने वाला राजनेता बताया जा रहा था। कहा जा रहा था कि भाजपा ने नीतीश कुमार को पार्टी के मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश नहीं किया। नीतीश कुमार के जो आलोचक उनकी विदाई लेख लिखने की जल्दी में थे, उन्हें चुनाव परिणामों के बाद मुंह की खानी पड़ रही है। जनता के फैसले ने बीते 2020 के विधानसभा चुनाव मे सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले राष्ट्रीय जनता दल यानी राजद को इस बार तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। बहरहाल, इस विधानसभा चुनाव के एकतरफा नतीजों का एक निष्कर्ष यह भी है कि सत्ता के लिये भाजपा व जदयू को एक साथ ही रहना होगा। जैसे कि नीतीश के पाला बदलने के चलते उन्हें पलटू राम की संज्ञा दी जाती थी, उसकी संभावना अब नजर नहीं आती। यानी नीतीश कुमार अब पलटू राम वाले अंदाज में नहीं चल सकते। उन्हें इस बात की तसल्ली मिल सकती है कि भारतीय जनता पार्टी, जिसके पास लोकसभा में पूर्ण रूप से बहुमत नहीं है, वह केंद्र में सरकार बचाने के लिये भविष्य में जदयू पर निर्भर रहेगी। दरअसल, राजनीतिक पंडित कयास लगाते रहे हैं कि नीतीश कुमार को किनारा करने की भगवा पार्टी की कोई भी कोशिश सत्तारूढ़ गठबंधन के लिये मुश्किल खड़ी कर सकती है। वहीं कहा जाता रहा है कि चिराग पासवान एनडीए की कमजोरियों का फायदा उठाने से नहीं हिचकिचाएंगे। हालांकि, भाजपा नीतीश कुमार को बाहर करने के प्रलोभन का ज्यादा देर विरोध नहीं कर पाएगी, जैसा उसने महाराष्ट्र में शिवसेना के एकनाथ शिंदे के साथ किया था। बहरहाल, एक बात तो तय है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की जीत ने महागठबंधन को तार-तार कर दिया है। साथ ही पदयात्रा व अपने बयानों से सुर्खियों में रहने वाले प्रशांत किशोर की नई सुबह की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। बिहार चुनाव में पस्त हुए महागठबंधन के दलों के सामने अगले साल विपक्ष शासित राज्य पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले फिर से संगठित होने की एक बड़ी चुनौती होगी। ये वे तीन विपक्षी दुर्ग हैं जिनमें सत्ता हासिल करने के लिये भारतीय जनता पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। बहरहाल, एक बात तो माननी पड़ेगी बिहार में राजग की अप्रत्याशित जीत सारथी नरेंद्र मोदी की छवि, गृहमंत्री अमित शाह की नीति-कूटनीति, भाजपा के मजबूत संगठन, नीतीश कुमार की सामाजिक कल्याण की नीतियों की देन है। वहीं ऐन चुनाव से पहले एकजुट हुए महागठबंधन की विसंगतियां ही उसके पराभाव का कारक बनी। बहरहाल, राजग की महिलाओं को आर्थिक संबल की घोषणाओं, नीतीश की शराबबंदी आदि नीतियां महिला मतदाताओं को रिझाने में कामयाब रही हैं। यही वजह है कि महिला मतदाताओं ने इस विधानसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान किया।

# भारत में कौशल अंतर और कौशल आधारित शिक्षा



विजय गर्ग
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल
मलोट पंजाब



भारत आज दुनिया के उन देशों में शामिल है, जिनके पास सबसे व्यापक और सबसे युवा कार्यबल मौजूद है। यह जनसांख्यिकीय शक्ति भारत की सबसे बड़ी पूँजी और भविष्य की सबसे बड़ी उम्मीद हो सकती है, लेकिन यही शक्ति वर्तमान में सबसे गंभीर चुनौती भी बन गई है। इसका मूल कारण है कौशल का विशाल और गहरा अंतर, जो युवाओं को रोजगार से दूर कर रहा है। हालिया आँकड़े बताते हैं कि देश के केवल 51.25% युवा ही रोजगार योग्य माने जाते हैं, जबकि औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण पाने वालों की संख्या महज 4.4% है। इसका अर्थ यह है कि भारत में प्रतिभा या जनसंख्या की कमी नहीं है, बल्कि उन प्रतिभाओं को उद्योग के अनुरूप ढालने के लिए आवश्यक कौशल की कमी है। हमारी शिक्षा प्रणाली दशकों से सिद्धांत-आधारित और परीक्षा-केंद्रित रही है, जिसने विद्यार्थियों को ज्ञान तो दिया है, लेकिन वास्तविक कामकाजी दुनिया के लिए आवश्यक तकनीकी और व्यवहारिक दक्षताओं से वंचित रखा है। यही कारण है कि लाखों युवा डिग्री लेकर भी नौकरी पाने के लिए संघर्ष करते रहते हैं, क्योंकि उद्योग आज ऐसे लोगों की तलाश में है जो हाथों से काम कर सकें, समस्याओं को वास्तविक रूप से हल कर सकें और बदलती तकनीकों के साथ तेज़ी से खुद को अपडेट कर सकें।

पारंपरिक शिक्षा के इस ढांचे में एक और बड़ी कमी यह है कि पाठ्यक्रम समय के अनुरूप अपडेट नहीं हो पाते। आज की दुनिया कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन और साइबर सिक्योरिटी की दिशा में आगे बढ़ रही है, लेकिन हमारे कई संस्थानों में अभी भी वर्षों पुराने पाठ्यक्रम पढ़ाए जा रहे हैं। इससे विद्यार्थी पढ़ाई पूरी कर लेते हैं, लेकिन नौकरी बाजार की मांग से काफी पीछे रह जाते हैं। इसके विपरीत, वैश्विक स्तर पर जो देश कौशल-आधारित शिक्षा को प्राथमिकता देते हैं—जैसे जर्मनी, जापान, दक्षिण कोरिया—वे दुनिया को कुशल कार्यबल प्रदान कर रहे हैं और अपने युवाओं को उच्च आय, स्थिर नौकरियों और नवाचार के अवसर दे रहे हैं। वहाँ व्यावसायिक शिक्षा को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है, जबकि भारत में उसे अक्सर 'कमज़ोर छात्रों का रास्ता' समझ लिया जाता है। यह मानसिकता देश की प्रगति को धीमा करती है, क्योंकि व्यावसायिक शिक्षा वह सेतु है जो सिद्धांत को कौशल में बदलता है और कौशल को रोजगार में।

इस मानसिकता को बदलने और शिक्षा को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप लाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020) एक महत्वपूर्ण बदलाव का आधार बन रही है। NEP 2020 शैक्षणिक शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण को अलग-अलग न रखकर एकीकृत रूप से आगे बढ़ाने की बात करती है। इसके अनुसार विद्यार्थी अपनी डिग्री के साथ ही कौशल आधारित पाठ्यक्रम आसानी से ले सकते हैं, उद्योग-संबंधित प्रोजेक्ट कर सकते हैं और पढ़ाई के दौरान ही वास्तविक अनुभव अर्जित कर सकते हैं। इस दिशा में डिग्री प्रशिक्षुता (degree apprenticeship) मॉडल विशेष रूप से प्रभावी साबित हो रहा है, जिसमें छात्र कक्षा में सिद्धांत सीखने के साथ-साथ कंपनियों में जाकर व्यावहारिक काम करते हैं। इससे विद्यार्थियों को न केवल नौकरी-तैयारी का अनुभव मिलता है, बल्कि वे कार्यस्थल की संस्कृति, चुनौतियों और अपेक्षाओं को भी समझते हैं। यह मॉडल शिक्षा और उद्योग के बीच बने खाई को भरने में धीरे-धीरे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच बढ़ता सहयोग इस परिवर्तन को और गति दे रहा है। अनेक कंपनियाँ अब कॉलेजों के साथ मिलकर पाठ्यक्रम तैयार करती हैं, इंटर्नशिप प्रदान करती हैं, विद्यार्थियों को वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर काम करवाती हैं और उन्हें अत्याधुनिक उपकरणों तथा तकनीकों की ट्रेनिंग देती हैं। इससे शिक्षा सीधे-सीधे उद्योग की जरूरतों से जुड़ने लगती है। नौकरी बाजार भी अब बदल रहा है। आज कंपनियाँ डिग्री की बजाय इस बात पर ज़्यादा ध्यान देती हैं कि छात्र वास्तव में क्या कर सकता है, उसने कौन-से प्रोजेक्ट किए हैं, उसके पास कौन-सी तकनीकी क्षमता है और समस्या समाधान की उसकी योग्यता कैसी है। डेटा आधारित मूल्यांकन और प्रदर्शन आधारित भर्ती से नौकरी देना अधिक पारदर्शी और उचित हो रहा है, जिससे युवा अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ पा रहे हैं, न कि सिर्फ डिग्री के आधार पर।

यदि भारत शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण को एक मजबूत, संतुलित और एकीकृत प्रणाली में बदलने में सफल हो जाता है, तो इसके प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था, समाज, उद्योग और युवाओं के व्यक्तिगत जीवन पर गहरे दिखाई देंगे। एक मजबूत कौशल आधारित कार्यबल न केवल भारत को AI और ऑटोमेशन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा, बल्कि हर साल workforce में आने वाले 12 मिलियन युवाओं को बेहतर अवसर प्रदान करेगा। इससे देश की आर्थिक वृद्धि तेज़ होगी, उद्योगों को कुशल श्रमिक मिलेंगे, बेरोज़गारी कम होगी, और युवा उच्च आय, बेहतर अवसर और अधिक सम्मान प्राप्त करेंगे। व्यक्तिगत स्तर पर भी युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा, क्योंकि कौशल व्यक्ति को न केवल नौकरी देता है, बल्कि आत्मनिर्भरता और पहचान भी देता है।

## जीवन मंत्र

# कठिन दौर हमेशा नहीं रहता, आगे उजाला जरूर आता है

जब अपने भी पराये जैसे लगते हैं, और जब मन करता है कि बस सब कुछ छोड़ दें तब इंसान खुद से एक ही सवाल करता है क्या ये सब कभी ठीक होगा? लेकिन सच यही है मुश्किल समय हमें निखारता है, तोड़ता नहीं। वह हमें हमारी असली ताकत दिखाता है, जो सामान्य दिनों में कभी नज़र नहीं आती।

कठिन समय जीवन का एक ऐसा अध्याय होता है जो व्यक्ति की धैर्य, समझ और सहनशीलता की सबसे कठोर परीक्षा लेता है। जब समस्याएँ एक साथ सामने आती हैं—आर्थिक संकट, व्यक्तिगत संघर्ष, रिश्तों में तनाव, करियर की अनिश्चितता या आत्मविश्वास का टूटना—तब ऐसा लगता है जैसे अंधेरा हर दिशा से घेर रहा है। उस समय इंसान अक्सर खुद को अकेला, असहाय और थका हुआ महसूस करता है। लेकिन जीवन का यह अंधकार स्थायी नहीं होता, क्योंकि प्रकृति का नियम ही यह है कि हर रात के बाद सुबह होती है। जिस प्रकार सूर्य हर दिन अंधेरे को मिटाकर रोशनी देता है, उसी प्रकार कठिनाइयों के बाद जीवन में भी नई आशा और नई शुरुआत का उजाला अवश्य आता है।

जब कोई व्यक्ति कठिन दौर से गुजर रहा होता है, तो उसे लगता है कि यह स्थिति कभी खत्म नहीं होगी, और वह निराशा में डूबने लगता है। लेकिन यह समझना आवश्यक है कि मुश्किलें हमें रोकने के



लिए नहीं आतीं, बल्कि हमें मजबूत बनाने के लिए आती हैं। जिस तरह लोहे को तपाकर ही उसे तलवार बनाया जाता है, उसी तरह जीवन की चुनौतियाँ हमें भीतर से मजबूत, समझदार और अनुभवी बनाती हैं। आज जो दर्द हमें असहनीय लगता है, वही कल हमारी सबसे बड़ी ताकत बन जाता है। कठिन समय हमें अपनी कमजोरियों से परिचित कराता है और हमें सिखाता है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए कितना साहस, धैर्य और विश्वास चाहिए।

जीवन का हर अंधेरा समय अपने साथ एक सीख भी लाता है। यह सीखता है कि किन संबंधों पर हमें भरोसा करना चाहिए, हमारी असली प्राथमिकताएँ क्या हैं और किस दिशा में हमें आगे बढ़ना चाहिए। कई बार ऐसा भी होता है कि मुश्किल वक्त के कारण ही हम सही रास्ता पहचान पाते हैं, या जीवन में ऐसा अवसर मिलता है जिसे हम पहले देख भी नहीं पाते थे। चुनौतियाँ हमें रुकने का संकेत नहीं देतीं; वे हमें दिशा बदलने, अपने अंदर झांकने और नई संभावनाओं को खोजने के लिए प्रेरित करती हैं। इस प्रकार, कठिन समय वह पुल बन जाता है जिसके सहारे हम बेहतर भविष्य तक पहुँचते हैं।

## शख्सियत — तेजस्वी सूर्या

# युवा नेतृत्व का उभरता सितारा



लक्ष्य सूर्यनारायण तेजस्वी सूर्या (जन्म 16 नवंबर 1990) एक भारतीय राजनीतिज्ञ, आरएसएस स्वयंसेवक और वकील हैं, जो 17वीं लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी से संसद सदस्य के रूप में सेवारत हैं और बैंगलोर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह 26 सितंबर 2020 से भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष भी हैं।

लक्ष्य सूर्यनारायण तेजस्वी सूर्या का जन्म 16 नवंबर 1990 को बेंगलुरु, कर्नाटक में हुआ था। वह पूर्व संयुक्त उत्पाद आयुक्त एलए सूर्यनारायण और उनकी मां रमा के बेटे हैं। उनके चाचा एलए रवि सुब्रमण्यम बसवनगुड़ी निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार विधायक हैं।

9 साल की उम्र में सूर्या ने अपनी पेंटिंग्स बेचकर उससे प्राप्त राशि सेना के कारगिल फंड में दान कर दी। वह सेंट पॉल हाई स्कूल, बेलगाम में पढ़ रहे थे। 2001 में, श्री कुमारन चिल्ड्रन्स होम, त्यागराजनगर में पढ़ते हुए उन्हें रचनात्मक वैज्ञानिक नवाचार के लिए राष्ट्रीय बालश्री सम्मान मिला। बाद में उन्होंने बैंगलोर इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज से बैचलर ऑफ एकेडमिक लॉ और एलएलबी की डिग्री हासिल की।

सूर्या कर्नाटक संगीत में प्रशिक्षित हैं। 2008 में, उन्होंने स्कूली शिक्षा पहलों के लिए समर्पित एक गैर-सरकारी संगठन अराइज़ इंडिया की स्थापना की। उन्होंने पहले इंडियाफैक्ट्स के लिए भी लिखा है।

2024 में, वह आयरनमैन चुनौती पूरी करने वाले पहले भारतीय जनप्रतिनिधि बने। उनका विवाह चेन्नई स्थित शास्त्रीय गायक, नर्तक और यूट्यूबर शिवश्री स्कंदप्रसाद से हुआ है, जो पोन्नियिन सेलवन भाग 2 के कन्नड़ संस्करण सहित विभिन्न संगीत प्रस्तुतियों के लिए जानी जाती हैं। उनका विवाह 6 मार्च 2025 को हुआ।

सूर्या अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सक्रिय सदस्य थे और भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) के महासचिव भी रहे। उन्होंने 2014 के भारतीय आम चुनाव में भाजपा के अभियान में सक्रिय योगदान दिया था और 2017 में भाजपा की 'मैंगलोर चलो' रैली को भी संगठित करने में मदद की। 2018 कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कर्नाटक भाजपा की डिजिटल संचार टीम का नेतृत्व किया। एक वकील के रूप में उन्होंने महेश हेगड़े, प्रताप सिम्हा जैसे कई भाजपा नेताओं का प्रतिनिधित्व किया है और भ्रष्टाचार के मामलों में बीएस येदियुरप्पा का बचाव करने में वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक हरनहल्ली की सहायता की। उन्हें आर. अशोक और वी. सोमन्ना द्वारा भी सलाह मिली है। हालांकि उनके चाचा रवि सुब्रमण्य भाजपा के वरिष्ठ नेता और बसवनगुडी के विधायक हैं, सूर्या का कहना है कि उनकी राजनीति कभी भी उनके चाचा से जुड़ी नहीं रही।

सूर्या हिंदुत्व के कट्टर समर्थक हैं। वह स्वामी विवेकानंद, अरबिंदो, बीआर अंबेडकर और वीर सावरकर को अपनी प्रेरणा मानते हैं। सूर्या समाजवाद और नेहरूवादी समाजवाद के मुखर आलोचक हैं।

उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम के विरोध प्रदर्शनों को 'अशिक्षित, अनपढ़ और पंचर वालों' द्वारा संचालित बताया था। सूर्या ने कहा था, "अगर आप नरेंद्र मोदी के साथ हैं, तो आप भारत के साथ हैं," और दावा किया कि जो लोग मोदी का समर्थन नहीं करते, वे "भारत विरोधी ताकतों को मज़बूत कर रहे हैं।" एक अन्य बयान में उन्होंने कहा था कि "भाजपा को बिना किसी शर्मिंदगी के हिंदुओं की पार्टी होना चाहिए।"

## जीवन ऊर्जा

श्रीराम लागू : जन्म- 16 नवंबर 1981 — जन्म

# नाटक केवल मंच पर नहीं होता, असली नाटक तो जीवन में चलता है

श्रीराम लागू (16 नवंबर 1927 - 17 दिसंबर 2019) हिंदी और मराठी में एक भारतीय फिल्म और थिएटर अभिनेता थे। उन्हें फिल्मों में उनके चरित्र भूमिकाओं के लिए जाना जाता था। उन्होंने हिंदी और मराठी फिल्मों के साथ-साथ हिंदी, मराठी और गुजराती नाटकों सहित 250 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया और 20 से अधिक मराठी नाटकों का निर्देशन किया। उन्होंने हिंदी फिल्म घरौंदा के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का 1978 का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता।

जीवन को एक विशाल मंच मानने की यह अवधारणा बेहद सुंदर है। श्रीराम लागू का यह कथन हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि ज़िंदगी में जो अनुभव हम रोज़-रोज़ जीते हैं, वे किसी भी नाटक या फिल्म से अधिक जटिल, अधिक भावनात्मक और अधिक सच्चे होते हैं। मंच पर कलाकार संवाद बोलते हैं, भावनाएँ प्रदर्शित करते हैं और एक कहानी को जीवंत करते हैं, लेकिन जीवन में हम सभी स्वयं ही अपनी कहानी के पात्र भी हैं और लेखक भी। यहाँ कोई पूर्व-लिखित स्क्रिप्ट नहीं होती, न तय संवाद, न तय रास्ते—हर निर्णय से कहानी नया मोड़ लेती है। मंच के नाटक में कलाकार अपनी भूमिका निभाने के बाद उससे बाहर निकल सकता है, लेकिन



जीवन में निभाई जाने वाली भूमिकाएँ हमें निरंतर आकार देती हैं। कभी हम बेटे-बेटी की भूमिका निभाते हैं, कभी मित्र की, कभी कठिन परिस्थितियों में एक योद्धा की, तो कभी किसी के लिए आशा का सहारा बन जाते हैं। यह परिवर्तनशील यात्रा ही जीवन को रोचक और चुनौतीपूर्ण बनाती है। इन बदलती भूमिकाओं में हमारा असली व्यक्तित्व उभरकर सामने आता है—यहाँ दिखावा कम और अनुभव ज्यादा होता है। नाटक में भावनाएँ नियंत्रित होती हैं, पर जीवन में भावनाएँ असली होती हैं—उनका असर गहरा होता है। मंच पर कोई कलाकार दुख का अभिनय करता है, तो दर्शक देखते भर हैं, लेकिन जब जीवन में दुख आता है, तो व्यक्ति उसे पूरी तरह जीता है, समझता है और उससे सीखता है। यही अनुभव उसे परिपक्व, संवेदनशील और मजबूत बनाते हैं। इसलिए जीवन का 'नाटक' कहीं अधिक असली, व्यापक और प्रभावशाली है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भगवान विष्णु के तीन नाम करते हैं रोगों का नाश

भगवान विष्णु के तीन दिव्य नाम—अच्युत, अनन्त और गोविन्द—ऐसे अमोघ मन्त्र माने गए हैं जो मनुष्य के जीवन में व्याप्त शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक सभी प्रकार के रोगों का नाश करने की क्षमता रखते हैं। शास्त्र कहते हैं कि संसार में अनेकों प्रकार के रसायन और औषधियाँ उपलब्ध हैं, परंतु भगवान के नाम के समान प्रभावशाली कोई औषधि नहीं। जब मनुष्य जीवन की विपत्तियों, रोगों और कष्टों से घिर जाता है, जब सभी दवाइयाँ और उपाय विफल होने लगते हैं, तब केवल भगवान का नाम ही वह रसायन है जो शरीर ही नहीं, मन और आत्मा को भी शुद्ध करके उसे कंचन के समान निर्मल और तेजस्वी बना देता है। भगवान के नाम में अनंत शक्तियाँ निहित हैं; उनके नाम एक दिव्य शक्ति-स्त्रोत की तरह हैं, जो सूक्ष्म जगत से लेकर स्थूल जगत तक अपना प्रभाव छोड़ते हैं। यही कारण है कि इसे 'जादुई पिटारी' कहा गया है, जो न सिर्फ सांसारिक रोगों का नाश करती है, बल्कि जन्म-मरण के चक्र रूपी भयावह 'भव-रोग' से भी मुक्ति दिलाती है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

समुद्र-मंथन के दौरान जब भगवान धन्वंतरि प्रकट हुए, तब उन्होंने देवताओं और ऋषियों को औषधि-विज्ञान का ज्ञान दिया। उन्होंने बताया कि संसार में असंख्य रोग हैं और सबकी प्रकृति भी भिन्न है, परंतु एक ऐसी महान औषधि है जो सभी रोगों का समान रूप से नाश कर सकती है—वह है भगवान विष्णु के नामों का उच्चारण। इसी संदर्भ में प्रसिद्ध श्लोक—"अच्युतानन्तगोविन्द नामोच्चारण भेषजात्। नश्यन्ति सकला रोगाः, सत्यं सत्यं वदाम्यहम्।।"—अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहाँ भगवान धन्वंतरि स्वयं यह सत्य दो बार कहकर बताते हैं कि इन तीन नामों का जप करने मात्र से रोगों का नाश होता है। यह केवल दार्शनिक कथन नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक सत्य है। जब श्रद्धा, विश्वास और भक्ति के साथ नाम-जप किया जाता है, तो मन स्थिर होता है, शरीर में ऊर्जा का प्रवाह



सुधरता है और जीवन की नकारात्मक शक्तियाँ क्षीण होने लगती हैं। इस प्रकार रोगों के मूल कारण, जो कई बार मानसिक तनाव, चिंता, भय और पाप-कर्मों के संस्कार होते हैं, समाप्त होने लगते हैं।

भगवान विष्णु के इन तीन नामों को 'अमोघ मन्त्र' इसलिए कहा गया है क्योंकि इन्हें हर समय, हर स्थान और हर परिस्थिति में जप किया जा सकता है। इनके साथ 'ॐ' और 'नमः' जोड़कर जप करने से मंत्र की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है—ॐ ब्रह्मांडीय ऊर्जा का प्रतीक है और नमः समर्पण का। "ॐ अच्युताय नमः, ॐ अनन्ताय नमः, ॐ गोविन्दाय नमः"—इन मंत्रों के निरंतर जप से विष, अग्नि, दुर्घटना, अकाल मृत्यु जैसी आपदाओं का भय समाप्त होता है। यह जप मनुष्य की मानसिक स्थिरता बढ़ाता है और जीवन के कठिन चरणों में भी उसे साहस, स्पष्टता और दिव्यता प्रदान करता है। यह मंत्र इतना सरल है कि इसे चलते-फिरते, उठते-बैठते, सोते-जागते—हर समय किया जा सकता है। जैसे हम हर सांस लेते हैं, वैसे ही हर सांस के साथ भगवान के नाम का स्मरण सबसे श्रेष्ठ उपाय माना गया है—'साँस-साँस सुमिरन करौ—यह उपाय अति नीक।'

भगवन्नाम का प्रभाव केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि व्यवहारिक भी है। शास्त्रों के अनुसार, मनुष्य के सुख-दुःख, रोग-शोक और जीवन की सारी परिस्थितियाँ पूर्वजन्म और वर्तमान जन्म के कर्मों के परिणाम स्वरूप होती हैं। तुलसीदासजी कहते हैं—"करम प्रधान बिस्व करि राखा, जो जस करइ सो तस फलु चाखा।"

## अपने विचार



बिहार का यह परिणाम वाकई चौंकाने वाला है। हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था। यह लड़ाई संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की है। कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन इस परिणाम की गहराई से समीक्षा करेंगे।

**-राहुल गांधी**, नेता, विपक्ष



मैं तो हारकर भी जीता हूं, क्योंकि मेरे साथ जनता का प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद खड़ा है। लेकिन सच्चाई कड़वी है, इन जयचंदों ने RJD को भीतर से खोखला कर दिया, बर्बाद कर दिया। इसी वजह से आज तेजस्वी फेलस्वी हो गया।

**-तेज प्रताप यादव**, अध्यक्ष, जनशक्ति जनता दल



बिहार से जो नतीजे आए हैं, वे हम सभी के लिए अविश्वसनीय हैं। हमारे गठबंधन दल इस पर विश्वास नहीं कर रहे हैं। हम आंकड़े इकट्ठा कर रहे हैं और गहन विश्लेषण कर रहे हैं, और 1-2 हफ्ते के भीतर हम ठोस सबूत पेश करेंगे। चुनाव आयोग पूरी तरह से एकतरफा है। यह प्रक्रिया संदिग्ध है।

**-केसी वेणुगोपाल**, सांसद, कांग्रेस



यह उनकी जीत का एक गुप्त सूत्र है। यह धोखाधड़ी है। उन्होंने EVM का भी दुरुपयोग किया। जीत ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयोग और SIR की है। एक दिन ज्ञानेश कुमार रिटायर हो जाएंगे, और जब सरकार बदलेगी, तो कोई उन्हें बचाने नहीं आएगा। यह कोई उचित चुनाव नहीं था। बल्कि, वोट चोरी का एक बड़ा मामला हुआ।

**-उदित राज**, नेता, कांग्रेस

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार).

# मध्य रेल ने सुरक्षा उपायों को किया तेज़

## अक्टूबर 2025 में रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 8184 अपराधियों को किया गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने अक्टूबर 2025 में सुरक्षा अभियानों को तेज करते हुए रेलवे अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 8,184 अपराधियों को गिरफ्तार किया और उन पर मुकदमा चलाया। इन मामलों में कुल 38.03 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। आरपीएफ की खुफिया शाखा से मिली सूचनाओं के आधार पर कई छापेमारी अभियान चलाकर रेलवे परिसर को अवांछित तत्वों से मुक्त करने का प्रयास किया गया।



### सीसीटीवी और निरंतर निगरानी से बढ़ाई जा रही सुरक्षा

मध्य रेल ने रेलवे परिसरों और ट्रेनों में 24x7 निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी सिस्टम का व्यापक उपयोग किया है। आरपीएफ कर्मियों द्वारा वंदे भारत, राजधानी, मेल-एक्सप्रेस और उपनगरीय ट्रेनों में यात्रियों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए नियमित गश्त भी की जा रही है।

### उपनगरीय ट्रेनों में विशेष सतर्कता

उपनगरीय ट्रेनों के पहले और आखिरी डिब्बों में आरपीएफ जवान व्यस्त समय में तैनात रहते हैं ताकि झपटमारी जैसी घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही, महिला डिब्बों में रात के समय विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाती है। सीएसएमटी, एलटीटी, नासिक रोड, पुणे, सोलापुर, अहिल्यानगर, दौंड, जलगाँव, बडनेरा और नागपुर स्टेशनों पर मेरी सहेली टीमें महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं।

### महिला कोच, रेलवे संपत्ति चोरी व नशे के मामलों पर विशेष ध्यान

अभियान के दौरान महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों में अवैध रूप से यात्रा करने वाले 243 व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई और 62,200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं, रेलवे संपत्ति चोरी के 59 मामलों में 4.62 लाख रुपये का दंड लगाया गया। शराब, गांजा और तंबाकू उत्पादों के अवैध कब्जे के 17 मामलों में 8.21 लाख रुपये मूल्य का माल ज़ब्त किया गया। यात्रियों के सामान की चोरी और अन्य अपराधों में 161 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### स्मार्ट सहेली ग्रुप, सीसीटीवी और ईटीबी सिस्टम से सुरक्षा को नई दिशा

मुंबई मंडल की उपनगरीय ट्रेनों के लिए बनाए गए 54 स्मार्ट सहेली व्हाट्सएप ग्रुप में 23,338 महिलाएँ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं, जिससे सुरक्षा से संबंधित त्वरित सूचना आदान-प्रदान संभव हो रहा है। इसके अलावा, ईएमयू रेक के सभी 788 महिला डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे और इमरजेंसी टॉक बैक (ETB) सिस्टम स्थापित हैं, जिससे आपात स्थिति में सीधे आरपीएफ से संपर्क किया जा सकता है।

# रेबीज पल्स टीकाकरण अभियान हुआ शुरू

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

केंद्र सरकार की "रेबीज मुक्त भारत" नीति के तहत ठाणे मनपा ने वर्ष 2024 से "रेबीज मुक्त ठाणे" अभियान की शुरुआत की है। मनपा सीमा में पल्स रेबीज अभियान के साथ-साथ अब दैनिक टीकाकरण भी शुरू कर दिया गया है। आयुक्त सौरभ राव ने बताया कि लक्ष्य है कि 2030 तक ठाणे शहर को रेबीज नियंत्रित क्षेत्र घोषित किया जाए।

### 2024-25 में 19 हजार से अधिक आवारा कुत्तों का हुआ टीकाकरण



ठाणे मनपा द्वारा जनवरी–फरवरी 2024 और 2025 के तहत बड़े पैमाने पर अभियान चलाया गया। जनवरी 2024 में 7,409 आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया गया। चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल के अनुसार, फरवरी 2025 में 11,582 आवारा कुत्तों को रेबीज का टीका लगाया गया। अभियान के तहत आवारा कुत्तों और बिल्लियों को रेबीज का टीका लगाया जा रहा है। साथ ही शहर में घूमने वाले आवारा कुत्तों के गले में रेडियम रिफ्लेक्टर कॉलर पहनाए जा रहे हैं, जिससे रात के समय दुर्घटनाओं से बचाव के साथ उनकी पहचान भी हो सके।

### एनजीओ और स्वयंसेवकों की मदद से अभियान को मिल रही गति

अभियान को सफल बनाने के लिए एनिमल फ्रेंड्स सोसाइटी, अन्य सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की गई है। ये टीकाकरण टीमों के साथ मिलकर फील्ड स्तर पर सहयोग कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक आवारा कुत्तों-बिल्लियों को टीका लगाया जा सके। मनपा का कहना है कि यह पहल न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए जरूरी है, बल्कि आवारा पशुओं के प्रति दयालु और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी बढ़ावा देती है।

## ब्रीफ न्यूज़

### 'सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार' में एसएसटी कॉलेज के दो छात्रों ने दर्ज की शानदार जीत



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर का एसएसटी कॉलेज एक बार फिर सुर्खियों में है। मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा पहली बार शुरू किए गए 'सर्वश्रेष्ठ छात्र पुरस्कार' में कॉलेज के दो छात्रों – किशोरी सुनील मोकाशी (डायमंड गर्ल पुरस्कार) और शिवम संतोष राय (गोल्डन बॉय पुरस्कार) – ने शानदार जीत दर्ज की है। 900 से अधिक कॉलेजों के 15,000 नामांकनों में से केवल छह छात्रों का चयन हुआ, जिनमें से दो एसएसटी कॉलेज के हैं। यह उपलब्धि कॉलेज की गुणवत्ता और प्रतिष्ठा का बड़ा प्रमाण मानी जा रही है। किशोरी और शिवम का चयन विश्वविद्यालय द्वारा तय किए गए 14 से अधिक मानदंडों पर किया गया, जिनमें शैक्षणिक प्रदर्शन, खेल, सामाजिक सेवा, नेतृत्व क्षमता, शोध, नवाचार जैसे पहलू शामिल थे। पुरस्कार वितरण मुंबई विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह हॉल में हुआ, जहाँ यूजीसी के पूर्व उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. भूषण पटवर्धन, कुलपति प्रो. डॉ. रवींद्र कुलकर्णी और सह-कुलपति प्राचार्य डॉ. अजय भामरे उपस्थित रहे। किशोरी को 12,000 रुपये, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह, जबकि शिवम को 10,000 रुपये, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय एसएसटी कॉलेज के उन्नत शैक्षणिक वातावरण और संकाय के मार्गदर्शन को दिया।

### राहुल एजुकेशन ने बीजेपी नेता आचार्य पवन त्रिपाठी का किया सम्मान



**भाईंदर।** श्री सिद्धिविनायक मंदिर न्यास के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी को मुंबई भाजपा का महामंत्री बनाए जाने पर मीरा-भाईंदर की प्रतिष्ठित संस्था राहुल एजुकेशन के सचिव राहुल तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया। मीरा रोड स्थित राहुल इंटरनेशनल विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने संबोधन में राहुल तिवारी ने कहा कि आचार्य त्रिपाठी की नियुक्ति से आगामी महानगरपालिका चुनाव में भाजपा को स्पष्ट लाभ मिलेगा। सम्मान स्वीकार करते हुए आचार्य त्रिपाठी ने राहुल एजुकेशन का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह समाज, राज्य और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को अपनी प्रेरणा बताते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद की "21वीं सदी सशक्त भारत की सदी" वाली भविष्यवाणी आज सच होती दिखाई दे रही है।

# बाल दिवस पर हस्तकला प्रतियोगिता का आयोजन



**विरार।** यंगस्टार्स ट्रस्ट द्वारा आयोजित हस्तकला प्रतियोगिता पंडित जवाहरलाल नेहरू यानी चाचा नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य में बाल दिवस पर विभिन्न बारह स्कूलों में मनाई गई। बीवीए नेता हितेंद्र ठाकुर और समन्वयक अजीव पाटिल के सहयोग से कक्षा पाँचवी से सातवीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को फूलों का गुलदस्ता, फोटो फ्रेम, आकाश कंदिल, पशु-पक्षियों की आकृतियाँ आदि बनाने थे। यह आकर्षक प्रतियोगिता 14 नवंबर को विभिन्न विद्यालयों में संपन्न हुई। खानिवडे विद्यालय में हविष स्वप्निल कुडू प्रथम, नुब्रा किसन जोशी द्वितीय और ऋत्विक केतन घरत तृतीय स्थान पर रहे। राजीव गांधी विद्यालय (मराठी माध्यम) निळेमोरे में ओवी मंगेश जाधव प्रथम, आरोही राजेश कुबल द्वितीय और दुर्वा विनोद पाटिल तृतीय रहीं। उसी विद्यालय के अंग्रेजी माध्यम में अनुष्का रामनाथ सिंह प्रथम, दिव्या दिनेश भाईट द्वितीय और सोनल लक्ष्मण चौधरी तृतीय रहीं। उत्कर्ष मराठी माध्यम स्कूल में तन्वी राजू निवाते प्रथम, आयुष अमित माली द्वितीय और कार्तिक अमित मांगले तृतीय स्थान पर रहे। गीतांजली विद्यालय मनवेल पाडा विरार में विशाखा कदम प्रथम, नम्रता पवार द्वितीय और काव्या पटेल तृतीय रहीं। जी.पी. इंग्लिश मिडियम स्कूल विरार पूर्व में ओनिशा सचिन खाड़े प्रथम, स्वरूप संदीप सूर्यवंशी द्वितीय और भावना प्रकाश सिरवी तृतीय रही और विद्यार्थियों ने यंगस्टार्स द्वारा दी गई इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया। इसके अलावा उत्कर्ष इंग्लिश मिडियम, यश विद्यानिकेतन सहित बारह अन्य स्कूलों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले तीन विजेताओं को स्मृति चिन्ह और सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# पालतू जानवरों के लिए पहले श्मशान का उद्घाटन

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे मनपा क्षेत्र में पालतू जानवरों के लिए पहले गैस-आधारित श्मशान का उद्घाटन किया गया, जिससे पशु प्रेमियों की लंबे समय से चल रही मांग पूरी हो गई है। शनिवार सुबह बालकुम अग्निशमन केंद्र के पीछे माजीवाड़ा गाँव में इस श्मशान का शुभारंभ परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से इस सुविधा की मांग की गई थी, जिसके बाद माजीवाड़ा के श्मशान परिसर में पालतू पशुओं के लिए अलग प्रवेश द्वार और स्वतंत्र श्मशान की व्यवस्था की गई।



### श्मशान परिसर सहित क्षेत्र के कब्रिस्तानों का होगा सौंदर्यीकरण

उद्घाटन कार्यक्रम में पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष संजय भोईर, संदीप डोंगरे, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, कार्यकारी अभियंता संजय कदम, चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगिता धायगुडे, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. क्षमा शिरोडकर व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सरकार द्वारा मनपा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 50 करोड़ रुपये की निधि उपलब्ध कराई गई है, जिसके तहत येउर गाँव, रामबाग-उपवन, माजीवाड़ा, वाघबिल और मोघरपाड़ा स्थित कब्रिस्तानों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

### कुत्तों के लिए शेल्टर और पालतू उद्यान बनाने का संकल्प

उद्घाटन समारोह में प्रताप सरनाईक ने कहा कि यह श्मशान पशुप्रेमियों के लिए राहत लेकर आया है। उन्होंने जानकारी दी कि शहर में बढ़ती आवारा कुत्तों की समस्या को देखते हुए घोड़बंदर रोड के पास मानव बस्तियों से दूर एक डॉग शेल्टर स्थापित करने के निर्देश मनपा आयुक्त सौरभ राव को दिए गए हैं। इसके लिए उपयुक्त स्थान तलाशा जा रहा है। इसके साथ ही, मुंबई की तर्ज पर ठाणे में एक पालतू उद्यान (Pet Park) विकसित करने की योजना भी घोषित की गई।

# उधना और ब्रह्मपुर के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस की फ्रीक्वेंसी में वृद्धि

**उधना।** अमृत भारत एक्सप्रेस भारतीय रेल की एक महत्वपूर्ण पहल है, जो लंबी दूरी के यात्रियों को किफायती किराए पर आधुनिक, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करती है। यात्री सुविधा में सुधार की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए ट्रेन संख्या 19021/19022 उधना–ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस की फ्रीक्वेंसी साप्ताहिक से बढ़ाकर त्रि-साप्ताहिक कर दी गई है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में इस बदलाव की आधिकारिक जानकारी दी गई।




### सप्ताह में तीन बार चलेगी ट्रेन

नए शेड्यूल के अनुसार, ट्रेन संख्या 19021 उधना–ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस अब 19 नवंबर 2025 से रविवार, बुधवार और शुक्रवार को चलेगी। यह ट्रेन उधना से सुबह 07:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 13:55 बजे ब्रह्मपुर पहुँचेगी। उधर, ट्रेन संख्या 19022 ब्रह्मपुर–उधना अमृत भारत एक्सप्रेस 20 नवंबर 2025 से सोमवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी।

### इन स्टेशनों पर ठहरेगी

ट्रेन दोनों दिशाओं में बारडोली, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, दोंडाइचा, सिंदखेड़ा, अमलनेर, धरनगांव, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, खरियार रोड, कांटाबांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, मुनिगुडा, रायगडा, पार्वतीपुरम, बोब्बिली, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड और पलासा स्टेशनों पर ठहरेगी।

# दिव्यांग महिला को मिला शिवसेना महिला शहरप्रमुख का सहारा



**नालासोपारा।** नालासोपारा पूर्व के तुलिंज क्षेत्र की दिव्यांग उषा पांड़े घर में गिरने के बाद पिछले चार दिनों से उठने और चलने में असमर्थ थीं, जिससे उन्हें दैनिक जीवन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। मदद की गुहार लगाते ही शिवसेना महिला शहरप्रमुख रूचिता नाईक ने तुरंत आगे आकर अपने निजी खर्च पर उन्हें मुफ्त वॉकर उपलब्ध कराया। साथ ही, उन्हें दिव्यांग प्रमाणपत्र और पेंशन दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। अस्पताल जाने के लिए मुफ्त एम्बुलेंस सुविधा भी प्रदान की गई। इस कठिन समय में मिली मदद से भावुक हुई उषा पांडे की आँखों में आँसू आ गए और उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शहरप्रमुख आनंद नगरकर, स्वाभिमानी संघ की मीरा दुबे, आरती पांडे और अमित नाईक भी उपस्थित रहे।

# स्कूलों में बाल दिवस पर उत्साहपूर्ण कार्यक्रम



**नवी मुंबई।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस नवी मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र के सभी माध्यम और प्रबंधन के स्कूलों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं, रोचक गतिविधियाँ, चित्रकला स्पर्धा, कार्टून फिल्म प्रदर्शन, नृत्य और गायन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों को मिठाइयाँ, चॉकलेट और गुलाब के फूल वितरित किए गए तथा उन्हें नेहरू के जीवन और कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। कई विद्यालयों में मनोरंजक खेलों और नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बाल दिवस का आनंद लिया, वहीं शिक्षक भी बच्चों के साथ विभिन्न गतिविधियों में शामिल होकर इस दिन को उल्लासपूर्ण तरीके से मनाते नजर आए।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**वृष** किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें।

**मिथुन** ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है। घर-बाहर असहयोग व अशांति का वातावरण रहेगा। अपनी बात लोगों को समझा नहीं पाएंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे।

**कर्क** किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**सिंह** पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कन्या** वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दु:खद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें।

**तुला** सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। बड़ा कार्य करने का मन बनेगा। सफलता के साधन जुटेंगे। जोखिम न उठाएं।

**वृश्चिक** आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं, लाभ होगा।

**धनु** मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी। प्रसन्नता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नतादायक वातावरण रहेगा। नौकरी में चैन महसूस होगा। व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं।

**मकर** आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेवजह लोगों से मनमुटाव हो सकता है।

**कुंभ** व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें।

**मीन** काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा। यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

# संकेतों की दुनिया : शकुन-अपशकुन की अनकही परंपरा

भारतीय संस्कृति में संकेतों का हमेशा से विशेष महत्व रहा है। हमारे पूर्वज मानते थे कि जीवन में अचानक घटने वाली छोटी-सी घटनाएं भी आने वाले भविष्य की ओर इशारा कर सकती हैं। यही कारण है कि शकुन और अपशकुन की परंपरा ने पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों के विश्वास और अनुभवों में अपनी गहरी जगह बनाई। कहा जाता है कि यदि कोई घटना एक बार घटे तो वह सामान्य मानी जा सकती है, लेकिन वही संकेत यदि बार-बार दिखाई दे, तो उसे आने वाली परिस्थितियों का सच्चा दर्पण समझा जाता है।

भारतीय समाज में देवी-देवताओं से जुड़े स्वप्न और दर्शन को अक्सर शकुन-अपशकुन की श्रेणी में नहीं रखा गया। विद्वानों का कहना है कि ऐसे दर्शन वास्तव में मन की भावनाओं और आस्था का ही प्रतिबिंब होते हैं। जैसे—किसी शिवभक्त को सपने में शिवलिंग या शिव मंदिर दिखना इस बात का प्रमाण है कि उसके हृदय में शिव के प्रति गहरी भक्ति और विश्वास विद्यमान है। यह संकेत किसी अनिष्ट या लाभ का नहीं, बल्कि भक्त के मन की गहराई का दर्पण होता है।






प्रियंका जैन
9769994439

समय के साथ लोक-जीवन में कुछ घटनाओं को शुभ और कुछ को अशुभ मानने की परंपरा ने जन्म लिया। उदाहरण के तौर पर यदि अचानक दर्पण गिर जाए या टूट जाए तो इसे आने वाली बाधा का संकेत माना गया। वहीं यदि किसी यात्री को यात्रा के आरंभ में शव, मछली या पान का पत्ता दिख जाए, तो इसे यात्रा की सफलता का सूचक समझा जाता है। इसके विपरीत यदि सफर की शुरुआत में दूध या खाली बर्तन दिख जाए तो इसे अशुभ माना गया और समझा गया कि यात्रा बीच में ही रुक जाएगी या रद्द करनी पड़ सकती है। इन संकेतों का प्रभाव केवल यात्राओं या बाहरी परिस्थितियों तक सीमित नहीं रहा। कई बार दैनिक जीवन की छोटी-सी गलती भी शकुन का रूप ले लेती है। जैसे—यदि कोई व्यक्ति गलती से शर्ट के बटन उलटे लगा ले, तो इसे असफलता का संकेत माना गया। लेकिन यदि राह चलते किसी को अचानक हेयरपिन, बटन या रुमाल मिल जाए तो इसे नए संबंध या नई शुरुआत का प्रतीक समझा गया। इसी तरह, यदि किसी बातचीत के बीच अचानक मंदिर की घंटी या शंख की आवाज सुनाई दे तो यह माना गया कि उस काम के पूरे होने की संभावना और भी प्रबल हो जाती है। शकुन-अपशकुन केवल वस्तुओं या घटनाओं तक सीमित नहीं रहे। प्राचीन काल में पक्षियों की उड़ान, पशुओं की हरकतें और यहां तक कि वातावरण के परिवर्तन को भी भविष्यवाणी का आधार बनाया गया। महाकाव्यों और प्राचीन कथाओं में इसके अनेक उदाहरण मिलते हैं। दुष्यंत और शकुंतला की कथा में 'शकुन पक्षी' का उल्लेख इस बात का प्रमाण है कि लोग इन संकेतों को ईश्वर की प्रेरणा या प्रकृति का संदेश मानते थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### फरारी काट रहा 50000 का इनामिया राजस्थान से गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा इकाई ने जेवर कोतवाली पुलिस की मदद से 50 हजार रुपये के इनामी और जमीन फर्जीवाड़े के प्रमुख आरोपी गुरदीप सिंह को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले एक साल से पुलिस की पकड़ से बाहर था और करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहा था। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली थी कि गुरदीप सिंह देश से बाहर भागने की योजना बना रहा है। इस इनपुट के आधार पर एसटीएफ और जेवर पुलिस की संयुक्त टीम भिवाड़ी (राजस्थान) पहुंची और वहां से गुरदीप को दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद उसे रात में जेवर थाने लाया गया। पुलिस के अनुसार गुरदीप सिंह, जो अलवर जिले का निवासी है, ने अपने एक साथी के साथ मिलकर करोड़ों रुपये की जमीन का फर्जी सौदा किया था। इस मामले में जेवर कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। घटना के बाद से ही वह फरार होकर लगातार ठिकाने बदलता रहा। गिरफ्तारी में कठिनाई को देखते हुए पुलिस ने उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

### मुजफ्फरनगर ने कुशीनगर को हराकर जीता पहला मुकाबला

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज के मैदान में शनिवार को 49वीं जूनियर बालक इंटर ज़ोनल (सुपर लीग) राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। सिटी मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह और कॉलेज प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर प्रतियोगिता की शुरुआत कराई। तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप में प्रदेश की सुपर–16 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनके प्रदर्शन के आधार पर ऑल इंडिया कबड्डी चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की टीम का चयन होगा। उद्घाटन मैच में मुजफ्फरनगर ने कुशीनगर को हराकर जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल की अनुशासनात्मक और प्रेरक भूमिका पर बल देते हुए जौनपुर में ऐसे आयोजनों को खेल संस्कृति के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय–अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और कई खेल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### यूपी में विकास, कानून-व्यवस्था और निवेश पर तेज़ फोकस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाल के महीनों में सरकार ने विकास गति को तेज़ करने के लिए बुनियादी ढाँचे, निवेश और कानून-व्यवस्था सुधारों पर विशेष ज़ोर दिया है। राज्य में विभिन्न जिलों में चल रही सड़क, एक्सप्रेसवे और औद्योगिक कॉरिडोर परियोजनाओं की निगरानी को कड़ा किया गया है ताकि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सारणी के भीतर पूरे हो सकें। साथ ही, राज्य में नए उद्योगों को आकर्षित करने के लिए निवेशकों से लगातार संवाद बढ़ाया जा रहा है, जिसके चलते कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने उत्पादन इकाइयों की स्थापना में रुचि दिखाई है। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर भी पुलिस बल को आधुनिक तकनीकों से सुसज्जित किया गया है, जिससे अपराध नियंत्रण और निगरानी क्षमता में सुधार हुआ है।

# बिहार हार के बाद लालू के परिवार में तकरार

- बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति और परिवार से किया किनारा
- राजद की करारी हार के बाद लालू के परिवार में उथल-पुथल

एजेंसी | पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों ने केवल राज्य की राजनीति ही नहीं, बल्कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार के भीतर भी गहरे मतभेदों को उजागर कर दिया है। चुनाव में राजद को मिली भारी हार—सिर्फ 25 सीटों तक सिमट जाना—का असर अब पारिवारिक संबंधों में भी दिखाई देने लगा है। बिहार चुनाव से पहले भी राज्यसभा सांसद संजय यादव को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति बनी थी, जिसे लालू यादव ने बड़ी मुश्किल से संभाला था। पहले बड़े बेटे तेज प्रताप यादव पर कार्रवाई और अब बेटी रोहिणी आचार्य का तीखा सोशल मीडिया बयान परिवार में बढ़ते तनाव का संकेत दे रहा है। रोहिणी ने एक्स (X) पर एक चौंकाने वाला पोस्ट साझा करते हुए राजनीति छोड़ने और परिवार से दूरी बनाने की घोषणा कर दी।



**‘राजनीति छोड़ रही हूं, परिवार से भी नाता खत्म’**

अपने पोस्ट में रोहिणी ने लिखा कि वह राजनीति से अलग हो रही हैं और परिवार से भी नाता तोड़ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम उन्होंने संजय यादव और रमीज के कहने पर उठाया है और वह “सारा दोष अपने ऊपर ले रही हैं।” गौरतलब है कि रोहिणी 2024 के लोकसभा चुनाव में छपरा से चुनाव लड़ चुकी हैं, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने 2023 में अपने पिता लालू यादव को किडनी दान कर पूरे देश का ध्यान खींचा था।

**बड़ा बेटा तेज प्रताप पहले ही परिवार से दूर**

लालू यादव का बड़ा तेज प्रताप यादव को पहले ही अनुष्का यादव विवाद के बाद परिवार से बाहर कर दिया गया था। अब रोहिणी की ओर से परिवार से दूरी बनाने का ऐलान राजद में गहराते आंतरिक संकट को और उजागर करता है। पार्टी की हार के बाद परिवार के भीतर जवाबदेही, नेतृत्व और रणनीति को लेकर गंभीर मतभेद उभरते दिख रहे हैं। रोहिणी ने जिन संजय यादव और रमीज का नाम पोस्ट में लिया है, वे तेजस्वी यादव के बेहद निकट माने जाते हैं। तेज प्रताप पहले भी संजय यादव पर इशारों में आरोप लगाते रहे हैं और उन्हें “जयचंद” कहकर निशाना साधते रहे हैं।

## बरेली जंक्शन पर पार्सल ट्रेन में लगी आग



एजेंसी | बरेली

बरेली जंक्शन रेलवे यार्ड में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब किशनगंज–दिल्ली से झारखंड के अजारा की ओर जा रही एक पार्सल मालगाड़ी के डिब्बे में अचानक आग भड़क उठी। घटना करीब 8:30 बजे की है। जंक्शन में दाखिल होने से ठीक पहले लोको पायलट ने एक बोगी से उठता घना धुआं देखा और तुरंत कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी और फायर ब्रिगेड की टीम तेजी से मौके पर पहुंची। प्लेटफॉर्म पर पहुंचते ही धधकते डिब्बे को बाकी ट्रेन से अलग कर दिया गया। सुरक्षा के मद्देनजर आसपास का क्षेत्र खाली करवा लिया गया, जबकि धुएं के फैलते ही यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई और लोग दूर जाने लगे। कुछ ही देर में दमकल की चार गाड़ियां मौके पर जुट गईं और आग पर काबू पाने का अभियान शुरू कर दिया।

**शार्ट सर्किट से हादसे की आशंका**

आग के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है, हालांकि शुरुआती आशंका शॉर्ट सर्किट की ओर इशारा करती है। उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि लोको पायलट की त्वरित सतर्कता ने एक बड़ी दुर्घटना होने से रोक दी। मामले की जांच जारी है।

## अयोध्या में राम मंदिर निर्माण यात्रा महत्वपूर्ण पड़ाव पर



एजेंसी | अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के बाद अब 25 नवंबर को अयोध्या एक और ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य शीर्ष हस्तियों की मौजूदगी में होने वाला यह कार्यक्रम मंदिर की पूर्णता का बड़ा संदेश देगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार यह आयोजन मंदिर निर्माण यात्रा के सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक है। समारोह में लगभग छह हजार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। सुरक्षा को देखते हुए आधार अनिवार्य किया गया है और प्रवेश सुबह 7:30 से 9:00 बजे तक ही होगा। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे तक चलेगा। अतिथियों के लिए ठहरने, भोजन और पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई है। मेहमान रामलला के दर्शन करेंगे और अंत में प्रसाद वितरण भी होगा। प्रशासन ने कार्यक्रम को भव्य और सुरक्षित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। 25 नवंबर का यह आयोजन अयोध्या के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा।

## एसआईआर प्रक्रिया मतदाताओं में भयः रामगोपाल

एजेंसी | संभल



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने निर्वाचन आयोग की एसआईआर (स्पेशल इंटीग्रेटेड रिवीजन) प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। संभल में एक निजी कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया न केवल अनावश्यक है, बल्कि मतदाताओं में भय का वातावरण भी पैदा कर रही है। रामगोपाल यादव ने कहा कि 2003 को आधार वर्ष मानकर 22 साल पुराने आंकड़ों के आधार पर की जा रही यह कवायद व्यावहारिक नहीं है। उनके मुताबिक, एसआईआर के जरिये जानबूझकर मतदाता सूची में गड़बड़ियां की जा रही हैं और इसका सीधा असर चुनावी परिणामों पर पड़ सकता है। बिहार का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि वहां विपक्ष के करीब चार लाख मतदाताओं के नाम काटे गए, जबकि भाजपा के तीन लाख वोट बढ़ा दिए गए।

**कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील**

उन्होंने यह भी गंभीर आरोप लगाया कि जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे, उन्हें दिल्ली में बैठे कुछ लोग ‘बांग्लादेशी घुसपैठिया’ करार देकर बाहर निकालने की कोशिश करेंगे। यह स्थिति, उनके अनुसार, केवल एक प्रशासनिक त्रुटि न होकर एक बड़े सामाजिक और राजनीतिक संकट को जन्म दे सकती है—क्योंकि किसी नागरिक की पहचान और उसके अस्तित्व पर सवाल उठाना उसके अधिकारों को चुनौती देना है। उन्होंने कहा कि यदि यह प्रवृत्ति बढ़ती है, तो सामान्य नागरिकों में भय और असुरक्षा की भावना और तेज़ी से फ़ैल सकती है।

## जयचंदों की करतूतों ने हरवाया चुनावः तेज प्रताप यादव

एजेंसी | पटना

चुनावी हार के बाद पूर्व मंत्री और लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने स्वीकार किया कि वे चुनाव हार गए हैं, लेकिन इसे जनता की जीत बताया। तेज प्रताप ने कहा कि जनता का स्नेह, भरोसा और आशीर्वाद उनके साथ है, मगर सच्चाई यह है कि “पार्टी को भीतर से कमजोर करने वालों ने ही आज की स्थिति पैदा की है।”तेज प्रताप ने अपनी पोस्ट में सीधे-सीधे आरोप लगाया कि “जयचंदों ने राजद को अंदर से खोखला कर दिया, इसी कारण तेजस्वी यादव आज कमजोर पड़ गए।”उनके अनुसार बिहार के मतदाताओं ने इस चुनाव में स्पष्ट रूप से संदेश दिया है कि अब राजनीति परिवारवाद नहीं, बल्कि सुशासन और शिक्षा के मुद्दों पर आगे बढ़ेगी।



**जनता का फैसला सर्वोपरि**

उन्होंने लिखा, “बिहार ने सुशासन की सरकार चुनी है, हम जनता के फैसले का सम्मान करते हैं। आगे भी जनता के हितों के लिए रचनात्मक भूमिका निभाते रहेंगे।” साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों को इस परिणाम के लिए जिम्मेदार बताते हुए कहा कि जनता ने मोदी के नेतृत्व और नीतीश की शासन शैली में विश्वास जताया है। गौरतलब है कि तेज प्रताप ने राजद से अलग होकर जनशक्ति जनता दल नामक नई पार्टी बनाई थी और इसी के टिकट पर चुनाव लड़ा था।

## आदिवासियों का विकास सरकार की प्राथमिकताः योगी

एजेंसी | सोनभद्र

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर सोनभद्र के चोपन में आयोजित ‘गौरव दिवस’ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम और आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई में बिरसा मुंडा का योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष की अल्प आयु में ही अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ उनका संघर्ष इतना प्रभावी था कि ब्रिटिश शासन को जनजातीय समुदाय के अधिकार स्वीकारने पड़े। योगी ने कहा कि आज जनजातीय समाज तेजी से विकास की मुख्यधारा में आ रहा है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चल रही योजनाओं को जाता है। उन्होंने बताया कि जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत प्रदेशभर में कई सांस्कृतिक और विकासात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि बलरामपुर की तरह विंध्याचल मंडल में भी जनजातीय संग्रहालय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने सोनभद्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों सलखन जीवाश्म पार्क और शिवद्वार मंदिर—का भी उल्लेख किया। योगी ने बताया कि प्रदेश की कुल 15 जनजातियों में से 14 सोनभद्र जिले में निवास करती हैं, जो देश में किसी एक जिले में सबसे अधिक है।



**517 गांवों में तेजी से हो रहा विकास**

पीएम जनमन योजना के तहत प्रदेश के 517 जनजातीय बहुल गांवों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। योगी ने बताया कि वनाधिकार कानून में सुधार के बाद अब तक 23,000 से अधिक भूमि पट्टे वितरित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 548 करोड़ रुपये की 432 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया तथा आदिवासी समाज के स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। साथ ही कई लाभार्थियों को आवास और भूमि पट्टे भी सौंपे गए।

# व्यापार जगत

## शैली इंजीनियरिंग प्लास्टिक्स में बड़ी ब्लॉक डील

एजेंसी | नई दिल्ली

शैली इंजीनियरिंग प्लास्टिक्स के शेयरों में शुक्रवार को बड़ी ब्लॉक डील देखने को मिली। वैश्विक निवेश दिग्गज मॉर्गन स्टेनली ने कंपनी के 40,000 शेयर खरीदे, जिनकी कुल कीमत करीब 10.34 करोड़ रही। यह खरीद उसकी सहयोगी संस्था मॉर्गन स्टेनली आईएफएससी फंड के माध्यम से 2,585.10 प्रति शेयर की दर पर की गई—जो पिछले कारोबारी सत्र के बंद भाव से लगभग 1% कम है। इस डील का हिस्सा बनते हुए कंपनी के प्रमोटर अमित महेंद्र सांघवी और लक्ष्मण सांघवी ने अपनी हिस्सेदारी में कटौती की। अमित सांघवी ने 1 लाख और लक्ष्मण सांघवी ने 50,000 शेयर बाजार में उतारे। इसके साथ ही, मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड ने भी कंपनी में भरोसा जताते हुए लगभग 12.93 करोड़ मूल्य के 50,000 शेयर खरीदे।



**सोमवार को शेयर में हलचल की उम्मीद**

निवेशक अब सोमवार के सत्र पर नज़रें जमाए हुए हैं, क्योंकि कंपनी ने बीते एक वर्ष में लगभग 147% का शानदार रिटर्न दिया है। दूसरी तिमाही में कंपनी का प्रदर्शन भी दमदार रहा—लाभ बढ़कर 51 करोड़ हो गया (134% वार्षिक वृद्धि) और आय 259 करोड़ पर रही।

## नागालैंड में कॉरपोरेट निवेश की बढ़ी रफ्तारः सीतारमण

एजेंसी | दीमापुर

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि नगालैंड में कॉरपोरेट निवेश का माहौल तेज़ी से बदल रहा है और राज्य नई तकनीकों को अपनाने के लिए मजबूत कदम बढ़ा रहा है। तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन शनिवार को उन्होंने दीमापुर के टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और फ्यूचर स्किल्स उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ किया। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि नगालैंड का तकनीकी परिदृश्य अब बड़े बदलाव के दौर में है। उन्होंने दो महत्वपूर्ण पहलों का ज़िक्र किया—कोहिमा में टाटा समूह के साथ सेमीकंडक्टर तकनीक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा दीमापुर में साइएंट फाउंडेशन के सहयोग से उन्नत एआई-आधारित विनिर्माण एवं 3डी प्रिंटिंग तकनीकों को विकसित करने की परियोजना। सीतारमण ने कहा कि ये पहलें राज्य के युवाओं को भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार करेंगी और उन्हें देश के तकनीकी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर देंगी।

**लाभार्थियों को वितरित किया चेक**



उन्होंने बताया कि उनका दौरा आकांक्षी जिलों की प्रगति की समीक्षा और सरकार की योजनाओं के जमीनी प्रभाव का आकलन करने पर केंद्रित था। इसके साथ ही उन्होंने प्रमुख बैंकों के सहयोग से आयोजित ऋण वितरण कार्यक्रम में भी भाग लिया, जिसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और ज़रूरतमंदों को आसान ऋण उपलब्ध कराना है। सीतारमण ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य यह समझना था कि सरकारी कार्यक्रमों का आम लोगों के जीवन पर क्या असर हो रहा है तथा यह सुनिश्चित करना कि देश के हर क्षेत्र का विकास समान रूप से आगे बढ़े।

## अंतिम दिन सोना–चांदी बाजार में बड़ी गिरावट

एजेंसी | नई दिल्ली



सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को कीमती धातुओं के बाजार में बड़ी हलचल देखने को मिली। फेडरल रिजर्व अधिकारियों के कड़े बयानों के बाद दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद घट गई, जिसके असर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज हुई और घरेलू बाजार भी प्रभावित हुआ। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना कारोबार के दौरान 1,21,800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक गिर गया था। बाद में यह 3,351 रुपये या 2.64% टूटकर 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी में भी भारी गिरावट आई और यह 6,940 रुपये यानी 4.27% की गिरावट के साथ 1,55,530 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना 3% तक फिसला। कड़े फेड संकेतों और शेयर बाजार में आई तेज गिरावट के कारण स्पॉट गोल्ड 1.9% लुढ़ककर 4,092.72 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

## सीआईआई शिखर सम्मेलनः वेनेजुएला से सहयोग बढ़ाएगा भारत

**पीयूष गोयल व खनन मंत्री हेक्टर सिल्वा की मुलाकात**

एजेंसी | विशाखापत्तनम

विशाखापत्तनम में आयोजित 30वें सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन के दौरान भारत और वेनेजुएला के बीच आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने पर महत्वपूर्ण बातचीत हुई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को वेनेजुएला के पारिस्थितिक खनन विकास मंत्री हेक्टर सिल्वा से मुलाकात की, जिसमें कई प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

**संयुक्त समिति दोबारा सक्रिय करने पर जोर**



वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, वेनेजुएला ने तेल क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों—विशेषकर महत्वपूर्ण खनिजों और भारतीय पूंजी निवेश—में साझेदारी बढ़ाने की इच्छा जताई। गोयल ने भारत–वेनेजुएला संयुक्त समिति को दोबारा सक्रिय करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिसकी आखिरी बैठक लगभग दस वर्ष पहले हुई थी।

**स्थाई खनन में सहयोग पर चर्चा**

बैठक के बाद गोयल ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि हेक्टर सिल्वा के साथ बातचीत “उपयोगी और रचनात्मक” रही। उन्होंने बताया कि दोनों देशों ने स्थायी खनन प्रथाओं में सहयोग बढ़ाने, नए अवसरों की तलाश करने और वेनेजुएला में ओएनजीसी के चल रहे परिचालनों को विस्तारित करने की संभावनाओं पर चर्चा की।

**दवा व्यापार में सुगमता पर जोर**

गोयल ने यह भी सुझाव दिया कि वेनेजुएला यदि भारतीय फार्माकोपिया को स्वीकार करता है तो दवा व्यापार और अधिक सुगम हो सकता है। उन्होंने ऑटोमोबाइल क्षेत्र में सहयोग की नई संभावनाओं का भी उल्लेख किया और कहा कि भारत उन व्यवसायों को प्रोत्साहित करेगा जो वेनेजुएला में निवेश के अवसर तलाशना चाहते हैं।

## एफटीएः कनाडा से फिर आगे बढ़ सकती है बातचीत

एजेंसी | विशाखापत्तनम

भारत और कनाडा के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर रुकी हुई बातचीत एक बार फिर आगे बढ़ सकती है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को संकेत दिया कि वार्ता को पुनः शुरू करने के सभी विकल्पों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सीआईआई के 30वें साझेदारी शिखर सम्मेलन के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में गोयल ने बताया कि भारत और कनाडा के बीच एफटीए पर पहले ही दो दौर की चर्चाएँ हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा के निर्यात संवर्धन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ हाल ही में हुई मुलाकातों में द्विपक्षीय व्यापार और रणनीतिक सहयोग को लेकर कई मुद्दों पर प्रगति हुई है।

**सभी संभावनाओं पर विमर्श जारी**



गोयल ने कहा, “फिलहाल सभी संभावनाओं पर विचार जारी है। हमने दो दौर की चर्चा की है और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए आगे के रास्ते पर बात की है।” उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में हुई उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय बैठक के बाद शनिवार को हुई संक्षिप्त बातचीत भी सकारात्मक रही। शिखर सम्मेलन में दुनिया के कई क्षेत्रों—उत्तर अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका और दक्षिण–पूर्व एशिया—के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

**व्यापारिक संबंध किए जाएंगे सामान्य**

उल्लेखनीय है कि एक कनाडाई सिख नागरिक की हत्या से जुड़े वर्षों पुराने राजनयिक तनाव के बाद दोनों देशों ने व्यापार संबंधों को फिर से सामान्य करने की दिशा में सकारात्मक कदम बढ़ाए हैं। इस घटना ने भारत–कनाडा संबंधों में गहरा अविश्वास पैदा कर दिया था और दोनों देशों के बीच बातचीत लगभग ठप हो गई थी। लेकिन अब हाल के महीनों में दोनों पक्षों ने महसूस किया है कि राजनीतिक मतभेदों के बावजूद आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाना आवश्यक है, क्योंकि व्यापार, शिक्षा, कृषि, निवेश और तकनीकी साझेदारी जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के हित जुड़े हुए हैं।

आईपीएल 2026 से पहले ट्रेडिंग मार्केट में हलचल, स्टार खिलाड़ियों ने बदली टीम

# यलो ब्रिगेड में संजू आरआर के हुए जडेजा

एजेंसी । नई दिल्ली

आईपीएल 2026 से पहले ट्रांसफर विंडो में भारी उठापटक देखने को मिली है। कई फ्रेंचाइजियों ने अपने बड़े नामों को नई टीमों के हवाले किया है, जबकि कुछ खिलाड़ियों की घर वापसी भी हुई है। नए सीजन से पहले हुए इन ट्रेड्स ने टूर्नामेंट की तस्वीर काफी हद तक बदल दी है। आईपीएल 2026 से पहले हुए इन बड़े फेरबदल ने साफ कर दिया है कि आने वाला सीजन नई रणनीतियों, नए संयोजनों और नई प्रतिद्वंद्विताओं से भरपूर रहेगा। चेन्नई सुपर किंग्स से 12 साल पुराना नाता खत्म करते हुए स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अब राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलेंगे। उनके वेतन को 18 करोड़ से घटाकर 14 करोड़ कर दिया गया है।





## संजू सैमसन का चेन्नई की ओर बड़ा कदम

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान और भरोसेमंद विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन अब चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा होंगे। 18 करोड़ रुपये के मौजूदा वेतन पर ही वे येलो ब्रिगेड में शामिल हुए हैं। यह उनके करियर की तीसरी आईपीएल टीम होगी। इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन को सीएसके ने ट्रेड कर राजस्थान रॉयल्स को सौंपा है। उनका शुल्क 2.4 करोड़ रुपये ही रहेगा। करन अब तक 64 आईपीएल मुकाबलों में हिस्सा ले चुके हैं। अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी अब लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलते नज़र आएंगे। सनराइजर्स हैदराबाद से ट्रेड किए गए शमी 10 करोड़ रुपये के शुल्क पर एलएसजी से जुड़े हैं।

## मार्कंडेय की मुंबई इंडियंस में दोबारा वापसी

लेग-स्पिनर मयंक मार्कंडेय को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 30 लाख रुपये में खरीदा था। अब वे उसी राशि पर मुंबई इंडियंस की जर्सी में फिर दिखाई देंगे। उनके नाम 37 आईपीएल विकेट दर्ज हैं। मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर को लखनऊ सुपर जायंट्स ने ट्रेड के जरिए अपने साथ जोड़ा है। उनका मौजूदा शुल्क 30 लाख रुपये ही बरकरार रखा गया है। राजस्थान से ट्रेड होकर नितीश राणा अब दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा बन गए हैं। 4.2 करोड़ रुपये के शुल्क पर वे नई टीम में शामिल हुए हैं। राणा 100 से अधिक मैच खेल चुके हैं और केकेआर की कप्तानी भी कर चुके हैं।

# शुभमन गिल मैदान से बाहर



**कोलकाता।** ईडन गार्डेन्स में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के दूसरे दिन भारतीय कप्तान शुभमन गिल को अचानक आई गर्दन की समस्या के कारण पारी बीच में ही छोड़नी पड़ी। सुबह के सत्र में वॉशिंगटन सुंदर के आउट होने के बाद गिल ड्रिंक्स ब्रेक के उपरांत क्रीज़ पर लौटे थे, लेकिन कुछ ही गेंदों बाद स्थिति बिगड़ गई। दक्षिण अफ्रीका के ऑफस्पिनर साइमन हार्मर राउंड द विकेट गिल पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे। गिल ने पहली गेंद को संभलकर खेला और अगली गेंद पर शानदार स्लॉग स्वीप लगाकर चार रन बटोर लिए। लेकिन इस शॉट के तुरंत बाद वह दर्द से कराहते दिखाई दिए।

## सामान्य रूप से नहीं घूम रही गर्दन

फिजियो को तुरंत बुलाया गया और गिल ने गर्दन के पिछले हिस्से में तेज़ दर्द की शिकायत की। बताया जा रहा है कि उनकी गर्दन सामान्य रूप से घूम नहीं पा रही थी। प्राथमिक जांच के बाद उन्हें तुरंत मैदान छोड़ने की सलाह दी गई और उन्हें रिटायर्ड हर्ट घोषित कर दिया गया। उनकी अनुपस्थिति में ऋषभ पंत क्रीज़ पर उतरे और बल्लेबाज़ी आगे बढ़ाई।

# ईडन गार्डेंस: भारत को मामूली बढ़त

▸▸ भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट मैच के दूसरे दिन दोनों टीमों की बल्लेबाज़ी रही फिसड्डी

**कोलकाता।** ईडन गार्डेन्स में चल रहे भारत-दक्षिण अफ्रीका टेस्ट मैच के दूसरे दिन बल्लेबाज़ी दोनों ही टीमों के लिए चुनौती बनकर उभरी। भारतीय टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 189 रन बनाकर सिमट गई, लेकिन इसके बावजूद उसे 30 रनों की बढ़त हासिल करने में सफलता मिली। कोई भी भारतीय बल्लेबाज़ बड़ी पारी नहीं खेल पाया और टीम नियमित अंतराल पर विकेट खोती रही। केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 39 रन की जुझारू पारी खेली, जबकि वाशिंगटन सुंदर (29), ऋषभ पंत (27) और रवींद्र जडेजा (27) ने छोटे-छोटे योगदान दिए। कप्तान शुभमन गिल गर्दन में चोट लगने के बाद महज 4 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए और बाद में वापस मैदान पर नहीं उतर सके।



## 159 पर ढेर हो गई अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीका की ओर से सिमरोन हार्मर ने प्रभावी गेंदबाज़ी करते हुए 4 विकेट झटके, वहीं मार्को यानसन को 3 सफलता मिली। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका भी पहली पारी में संघर्ष करती नज़र आई और पूरी टीम 55 ओवर में केवल 159 रन बनाकर ढेर हो गई। उनके लिए एडन मार्करम ने 31 रन के साथ सबसे बड़ी पारी खेली।

भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट चटकाए, जबकि कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट और अक्षर पटेल ने 1 विकेट लिया। दोनों टीमों की कमजोर बल्लेबाज़ी ने मैच को रोमांचक मोड़ पर ला खड़ा किया है। अब दूसरी पारी में कौन अधिक संयम दिखाता है, यही मुकाबले की दिशा तय करेगा।

# एशेज़ से पहले ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ीं

## जोश हेज़लवुड पहले टेस्ट से बाहर

**मेलबर्न।** एशेज़ श्रृंखला शुरू होने से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को एक और बड़ा आघात लगा है। कप्तान पैट कमिंस पहले ही चोट के चलते बाहर चल रहे हैं और अब तेज़ गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड भी पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। उनकी चोट, जिसे शुरुआत में मामूली समझा गया था, नए स्कैन में गंभीर नजर आई है। शुक्रवार को कराए गए विस्तृत स्कैन में हेज़लवुड के हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन की पुष्टि हुई। इससे पहले बुधवार को हुए शुरुआती स्कैन में कोई स्पष्ट क्षति नहीं दिखी थी, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का कहना है कि कई बार शुरुआती जांच में लो-ग्रेड चोटें पकड़ में नहीं आतीं। इसी वजह से उन्हें पर्थ जाने से रोक दिया गया है। हेज़लवुड की जगह क्वींसलैंड के तेज़ गेंदबाज़ माइकल नेसर को टीम में शामिल किया गया है। नेसर को यह मौका न सिर्फ हेज़लवुड बल्कि शॉन एबॉट के बैकअप के रूप में भी मिला है, जो शील्ड मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ रहे हैं। नेसर 2021 एशेज़ में एडिलेड में डेब्यू कर चुके हैं और अब तक दो टेस्ट खेल चुके हैं।



# मेसी–लौतारो की बदौलत अर्जेंटीना की जीत

## अंगोला को 2-0 से हराया, मेसी ने 44वें मिनट में गोल कर दिलाई बढ़त

**पेरिस।** लियोनल मेसी ने एक गोल दागा और एक गोल में अहम योगदान दिया, जिसकी बदौलत विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने शुक्रवार को खेले गए अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच में अंगोला को 2-0 से मात दी। मेसी ने 44वें मिनट में लौतारो मार्टिनेज को पास देकर टीम को बढ़त दिलाई। 82वें मिनट में भूमिकाएं बदलीं—इस बार मार्टिनेज ने शानदार असिस्ट दिया और मेसी ने गेंद को दूर कोने में शॉट लगाकर स्कोर 2-0 कर दिया। दोनों खिलाड़ियों को दूसरे हाफ के अंतिम चरण में बदल दिया गया।

विश्व रैंकिंग में स्पेन के बाद दूसरे स्थान पर मौजूद अर्जेंटीना और उससे 87 स्थान नीचे खड़ी अंगोला के बीच यह परिणाम अपेक्षित था। मुकाबला राजधानी लुआंडा के "11 नवंबर स्टेडियम" में अंगोला की स्वतंत्रता के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।



# बॉ ली वु ड

# ओवरवर्किंग नॉर्मल नहीं है : दीपिका पादुकोण



मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण द्वारा 8 घंटे की वर्किंग शिफ्ट की मांग ने सोशल मीडिया पर बड़ी बहस छेड़ दी है। इसी के बीच खबरें आईं कि इसी मांग की वजह से उन्हें दो बड़े प्रोजेक्ट्स स्पिरिट और कल्कि 2 से बाहर कर दिया गया। हालांकि अब दीपिका ने खुलकर अपनी बात रखी है और बताया है कि मातृत्व ने उनके नजरिए को कैसे बदला है।

एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा, ₹हम ओवरवर्किंग को सामान्य नहीं मान सकते। कई बार लोग बर्नआउट को कमिटमेंट समझ लेते हैं, जो गलत है। उन्होंने आगे बताया कि मां बनने के बाद उनके भीतर काम को लेकर एक नई समझ विकसित हुई है।

अब मुझे अपनी मां के प्रति और अधिक सम्मान महसूस होता है। काम और मातृत्व को मैनेज करना जितना आसान लगता है, असल जिंदगी में यह उससे कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता है। नई माताओं को काम पर लौटते समय मजबूत सपोर्ट मिलना बेहद जरूरी है और मैं चाहती हूं कि इस दिशा में गंभीरता से काम हो। दीपिका ने ओवरवर्किंग की समस्या पर अपनी बात रखते हुए कहा कि लंबे घंटे काम करना, स्वास्थ्य और काम की गुणवत्ता दोनों पर असर डालता है। उन्होंने कहा, ₹हमने ओवरवर्किंग को सामान्य कर दिया है। 8 घंटे का काम पर्याप्त है। जब तक आप स्वस्थ नहीं होंगे, आप अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे सकते। बर्नआउट किसी के लिए लाभदायक नहीं है न कलाकार के लिए, न सेट के लिए, न सिस्टम के लिए। उनका कहना है कि वह अपनी खुद की टीम के लिए भी बेहतर वेलफेयर नीतियां लागू करती हैं, मेरी ऑफिस टीम सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ आठ घंटे काम करती है। हमारे पास मातृत्व और पितृत्व से जुड़ी नीतियां हैं। और मेरा मानना है कि बच्चों को कार्यस्थल पर लाने को भी सामान्य करना चाहिए। कल्कि 2 से बाहर होने के कुछ हफ्तों बाद, दीपिका ने मीडिया से बात करते हुए कार्यस्थल की स्थितियों और फीस को लेकर अक्सर उठने वाले मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा, ₹इन मुद्दों से मैं लंबे समय से निपटती आ रही हूं। यह मेरे लिए नया नहीं है। फीस को लेकर भी मुझे हमेशा सवालों और चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। लेकिन मैं हमेशा अपनी लड़ाइयां शांति और गरिमा के साथ लड़ती हूं। कई बार ये मुद्दे सार्वजनिक हो जाते हैं, जबकि यह मेरी प्रकृति नहीं है। फिर भी, मैंने हमेशा अपनी बात दृढ़ता और सम्मान के साथ रखी है। इस साल की शुरुआत में दीपिका को प्रभास स्टारर स्पिरिट और कल्कि 2 से हटाया गया। रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि दीपिका ने दो अहम मांगें रखी थीं, एक फीस में बढ़ोतरी और वर्किंग आवर्स को 8 घंटे तक सीमित रखना। बताया गया कि मेकर्स ने इन मांगों पर बातचीत की, लेकिन दीपिका अपने स्टैंड पर कायम रहीं। माना जा रहा है कि इन शर्तों के चलते प्रोजेक्ट्स से उन्हें रिप्लेस किया गया।

# माता-पिता बने राजकुमार और पत्रलेखा

बॉ बॉलीवुड की चर्चित और पसंदीदा जोड़ियों में से एक, राजकुमार राव और पत्रलेखा, अपनी जिंदगी के सबसे खास लम्हे का जश्न मना रहे हैं। 15 नवंबर को जहां उनकी शादी की चौथी सालगिरह थी, उसी दिन उनके घर नन्ही परी ने जन्म लिया। इस खुशखबरी ने न सिर्फ इस जोड़ी के परिवार को खुशियों से भर दिया, बल्कि उनके प्रशंसकों ने भी सोशल मीडिया पर प्यार और शुभकामनाओं की बाढ़ ला दी। पत्रलेखा ने बेटी को जन्म दिया है, और दोनों ने खुद ही यह जानकारी अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए शेयर की।



## सालगिरह पर मिला सबसे बड़ा तोहफा

राजकुमार और पत्रलेखा ने सुबह-सुबह अपने फैंस को यह बताते हुए खुशी जताई कि उनकी चौथी सालगिरह सबसे खास बन गई, क्योंकि इसी दिन उन्हें बेटी का आशीर्वाद मिला। उन्होंने कहा कि भगवान ने उन्हें इस खास मौके पर उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा तोहफा दिया है। इस जोड़ी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर भी शेयर किया, जिसमें लिखा है, हम सातवें आसमान पर हैं। भगवान ने हमें एक बेटी का आशीर्वाद देकर सबसे बड़ा उपहार दिया है। गौरतलब है कि इसी साल जुलाई में राजकुमार राव ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी की प्रेग्नेंसी की खबरों की पुष्टि करते हुए लिखा था कि सीबेबी आने वाला है।

# 'डाइनिंग विद द कपूर्स' का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड के सबसे प्रतिष्ठित परिवारों में से एक कपूर खानदान अब अपने जीवन के अनदेखे पलों को दर्शकों के सामने खोल रहा है। खाने-पीने के शौक, पारिवारिक परंपराओं और यादों से भरी उनकी नई डॉक्यूमेंट्री 'डाइनिंग विद द कपूर्स' का ट्रेलर जारी हो चुका है, जिसने दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ा दी है।

ट्रेलर में कपूर परिवार का वह रूप दिखता है, जो आमतौर पर कैमरों के पीछे रहता है, हंसी, नोकझोंक, पुरानी यादें और ढेर सारी भूख। रणबीर कपूर कभी किचन में एक्सपेरिमेंट करते दिखते हैं, तो कभी अपने भाई-बहनों की मज़ेदार खिंचाई करते हुए माहौल हल्का कर देते हैं। वहीं करिश्मा और करीना कपूर अपनी खास अदा में फैमिली के



किस्से शेयर करते नज़र आती हैं। ट्रेलर का एक खास पल तब आता है जब करीना के प्यार का जिक्र छिड़ता है पूरा परिवार मुस्कुराने लगता है। वहीं नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी और बाकी सदस्य राज कपूर की 100वीं जयंती को याद करते हुए भावुक हो उठते हैं।

# जांच के दौरान फटा विस्फोटकों का जखीरा, नौ की गई जान

## नौगाम पुलिस स्टेशन में हुआ दर्दनाक हादसा, 32 घायल



एजेंसी | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार देर रात हुए एक भीषण दुर्घटनावश विस्फोट ने पूरे प्रशासन को झकझोर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक इस हादसे में नौ लोगों की जान चली गई, जबकि 32 अन्य घायल हुए हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट कहा है कि विस्फोट के कारणों की जांच अभी जारी है और किसी भी तरह की अटकलें लगाना अनुचित होगा।

### विस्फोटकों की जांच के दौरान हुआ हादसा

गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (जम्मू-कश्मीर डिवीजन) प्रशांत लोखंडे ने बताया कि नौगाम पुलिस स्टेशन ने हाल ही में एक पोस्टर से मिले संकेतों के आधार पर एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। इसी कड़ी में दर्ज एफआईआर नंबर 162/2025 की जांच के दौरान बड़ी मात्रा में विस्फोटक और रासायनिक पदार्थ बरामद किए गए थे।

### खुले में दो दिन से चल रही थी जांच

इन सामग्रियों को सुरक्षा मानकों के मुताबिक पुलिस स्टेशन परिसर के खुले हिस्से में रखा गया था, जहां बीते दो दिनों से फोरेंसिक और रासायनिक विश्लेषण की प्रक्रिया चल रही थी। लोखंडे के अनुसार बरामद विस्फोटक अत्यंत संवेदनशील थे और विशेषज्ञों की निगरानी में बेहद सावधानी से हैंडल किए जा रहे थे। इसी प्रक्रिया के दौरान शुक्रवार रात करीब 11:20 बजे अचानक जोरदार विस्फोट हो गया।

### स्टेशन की इमारत को भारी नुकसान

हादसे में 27 पुलिसकर्मी, दो राजस्व अधिकारी और तीन नागरिक घायल हुए, जबकि नौ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि पुलिस स्टेशन की इमारत के बड़े हिस्से को भारी नुकसान पहुंचा और आसपास स्थित कई अन्य ढांचों पर भी इसका असर हुआ है।

### सरकार ने जताया शोक, जांच पर जोर

संयुक्त सचिव ने कहा कि घटना की सभी संभावित वजहों को ध्यान में रखते हुए जांच तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। उन्होंने दोहराया कि किसी भी तरह के अनुमान अथवा भ्रामक दावों से बचना चाहिए। सरकार ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया है कि इस कठिन समय में प्रशासन पूरी तरह उनके साथ खड़ा है।

# पाक गई सरबजीत कौर ने नूर हुसैन बन किया निकाह

धार्मिक यात्रा पर पाकिस्तान गई थी सरबजीत कौर

खुलासे से सुरक्षा एजेंसियां चौकन्ना



एजेंसी | चंडीगढ़

पंजाब के कपूरथला जिले की सरबजीत कौर पाकिस्तान में धार्मिक यात्रा के दौरान लापता होने के बाद अब नूर हुसैन बन चुकी हैं। सरबजीत कौर ने पाकिस्तान में धर्म परिवर्तन कर अपने फेसबुक मित्र नासिर हुसैन से निकाह कर लिया है। यह घटना उन मामलों में एक और जोड़ है, जिनमें भारतीय श्रद्धालु पाकिस्तान जाकर शादी कर लेते हैं। एसजीपीसी हर साल गुरुपर्व और वैसाखी पर श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान के गुरुद्वारा स्थलों की यात्रा के लिए भेजती है। इस बार 4 नवंबर को अटारी-वाघा बॉर्डर से 1932 श्रद्धालु पाकिस्तान गए थे। दस दिन की इस यात्रा में आठ लोग निजी कारणों से पहले ही लौट आए थे और एक यात्री की यात्रा के दौरान मृत्यु हो गई थी। गुरुवार शाम 1922 श्रद्धालु भारत लौट आए, लेकिन इसी जत्थे में शामिल सरबजीत कौर का पता नहीं चला। अमानीपुर (कपूरथला) की रहने वाली सरबजीत की गुमशुदगी के बाद भारतीय सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान से संपर्क किया और परिवार से भी विस्तृत पूछताछ की। इस मामले पर एसजीपीसी के महासचिव प्रताप सिंह का कहना है कि संस्था केवल श्रद्धालुओं की सूची भेजती है, जबकि सभी दस्तावेजों की जांच और वीजा प्रक्रिया केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।

### नासिर हुसैन से किया निकाह

शुक्रवार देर शाम एजेंसियों के हाथ महिला का निकाहनामा लगा, जिसमें यह स्पष्ट है कि 4 नवंबर को पाकिस्तान पहुंचने के बाद सरबजीत ने ननकाना साहिब जिले के पिंडी शेखुपुरा निवासी नासिर हुसैन से मुलाकात की और दोनों ने निकाह कर लिया। इसके बाद दोनों अज्ञात स्थान पर चले गए। पाकिस्तानी पंजाब पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

### कौर का परिवार एजेंसियों की नजर में

अटारी बॉर्डर सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने संकेत दिया है कि महिला को हिरासत में लेकर भारत को सौंपा जा सकता है। हालांकि सरबजीत कौर ने पाकिस्तान में विवाह कर लिया है, लेकिन पंजाब में उसका परिवार अब सुरक्षा एजेंसियों की जांच के दायरे में आ गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रिटायरमेंट तक सेवा से इस्तीफा नहीं देंगे 41 आयुध निर्माणियों के कर्मी

**नई दिल्ली।** आयुध निर्माणियों के कर्मचारी और अधिकारी संगठनों ने यह बात साफ कर दी है कि वे अपनी रिटायरमेंट तक केंद्र सरकार की सेवा में बने रहना चाहते हैं। वे न तो केंद्र सरकार की सेवा से त्यागपत्र देंगे और न ही सात रक्षा उपक्रमों में शामिल होंगे। इन संगठनों ने रक्षा मंत्रालय के सचिव (डीपी) को 13 नवंबर को पत्र के द्वारा सूचित कर दिया है। कर्मचारियों और अधिकारियों को विश्वास है कि वे उनकी स्थिति को समझेंगे। रक्षा मंत्री तथा अधिकार प्राप्त मंत्रिसमूह को इससे अवगत कराएंगे। सात नए रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में मानद प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत रक्षा असैन्य कर्मचारियों का दर्जा उनकी सेवानिवृत्ति तक केंद्र सरकार के कर्मचारी के रूप में बनाए रखने के लिए एक अधिसूचना जारी करने की व्यवस्था करेंगे।

### बिहार चुनाव का परिणाम अविश्वसनीय : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की भारी जीत पर कांग्रेस ने गंभीर सवाल उठाए हैं। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने परिणामों को "अविश्वसनीय" करार देते हुए चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर ही प्रश्नचिह्न लगा दिया है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में वेणुगोपाल ने कहा कि राजग का इस प्रकार का अभूतपूर्व प्रदर्शन भारतीय चुनावी इतिहास में लगभग अनसुना है। उन्होंने दावा किया कि 90 प्रतिशत से अधिक सीटों पर इतनी बड़ी बढ़त "संदेह उत्पन्न करती है" और कांग्रेस इस पूरे मामले के विस्तृत आंकड़े जुटाकर उसकी जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी आने वाले एक से दो सप्ताह में अपनी विस्तृत रिपोर्ट और संबंधित सबूत सार्वजनिक करेगी। वेणुगोपाल ने निर्वाचन आयोग पर पक्षपात के आरोप भी लगाए और कहा कि "पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव" स्पष्ट दिखाई देता है।

### भारत-चीन सीमा पर तीनों सेनाओं ने दिखाई ताकत

**नई दिल्ली।** भारत-चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सटे पूर्वी सेक्टर में भारतीय सेना ने शनिवार को उच्चतम स्तर की संयुक्त सैन्य क्षमता दिखाते हुए एक्सरसाइज पूर्वी प्रचंड प्रहार का सफल आयोजन किया। यह युद्धाभ्यास कठिन पर्वतीय भूभाग, ऊंचाई वाले क्षेत्रों और शून्य से नीचे तापमान वाली परिस्थितियों में त्रि-सेवा समन्वय की शानदार मिसाल बनकर उभरा। भारतीय सेना के पूर्वी कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी ने अग्रिम मोर्चे पर जवानों का हौसला बढ़ाया। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी के मुताबिक इस अभ्यास में भारतीय थलसेना, वायुसेना, नौसेना और आईटीबीपी की संयुक्त कार्रवाई के ज़रिए यह साबित किया गया कि जटिल, बहु-डोमेन युद्धक्षेत्र में भारतीय सेनाएं एक एकीकृत कॉम्बैट टीम के रूप में किसी भी चुनौती का जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं।

## दिल्ली ब्लास्ट

# MMBS का छात्र बंगाल से गिरफ्तार

- बंगाल पुलिस की मदद से उत्तर दिनाजपुर में हुई गिरफ्तारी
- अल-फलाह से मेडिकल की पढ़ाई कर रहा है आरोपी निसार
- मोबाइल लोकेशन ट्रेस होने के बाद एनआईए ने दबोचा
- इस्लामपुर थाने में पूछताछ के बाद भेजा गया सिलीगुड़ी
- अब तक 52 चिकित्सकों से की जा चुकी है पूछताछ

एजेंसी | नई दिल्ली

कोलकाता। दिल्ली के लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास हुए कार विस्फोट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक और महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की है। पश्चिम बंगाल पुलिस की मदद से एनआईए ने उत्तर दिनाजपुर जिले के दालखोला से अल-फलाह विश्वविद्यालय, फरीदाबाद में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे छात्र निसार आलम को हिरासत में लिया।



यह गिरफ्तारी शुक्रवार देर रात संयुक्त छापेमारी के दौरान की गई। निसार आलम मूल रूप से दालखोला के कोनाल गांव का रहने वाला है, हालांकि उसका परिवार कई वर्षों से पंजाब के लुधियाना में रह रहा है। वह इस सप्ताह अपनी मां और बहन के साथ एक पारिवारिक कार्यक्रम के सिलसिले में गांव पहुंचा था। जांच में उसका मोबाइल लोकेशन दालखोला क्षेत्र में मिलने पर टीम वहां पहुंची और कुछ ही घंटों बाद उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद निसार को इस्लामपुर थाना ले जाकर लंबी पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे सिलीगुड़ी भेज दिया गया। सूत्रों के अनुसार आरोपी को सोमवार तक ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया जा सकता है। कोनाल गांव के कई निवासियों ने बताया कि आलम शांत स्वभाव का युवक था और उसके किसी गलत गतिविधि में शामिल होने की बात सुनकर वे हैरान हैं।

### जांच के दायरे में विश्वविद्यालय

इधर फरीदाबाद के धौज क्षेत्र में स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय पहले से ही सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में है। दिल्ली विस्फोट में 12 लोगों की मौत और कई घायलों के बाद विश्वविद्यालय परिसर से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद होने की बात सामने आई थी। इसके बाद जांच टीमें वहां लगातार तलाशी और पूछताछ कर रही हैं। पिछले कुछ दिनों में जांचकर्ता 52 डॉक्टरों से जानकारी ले चुके हैं और डॉक्टर मुज़म्मिल शकील, डॉक्टर शाहीन शाहीद व डॉक्टर उमर मोहम्मद से जुड़े तथ्यों की गहन पड़ताल की जा रही है।

# कोलकाता के बड़ा बाजार में भीषण आग से लाखों की क्षति

## 21 से अधिक दमकल गाड़ियों को लगाया गया, कई दुकानें खाक

एजेंसी | कोलकाता

शनिवार तड़के कोलकाता के बड़ा बाजार क्षेत्र में लगी भीषण आग ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया। एज़रा स्ट्रीट स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान से शुरू हुई आग ने तेजी से आसपास की दुकानों, गोदामों और इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही मिनटों में बाजार का एक बड़ा हिस्सा धुएं के घने बादलों से भर गया। दमकल विभाग को सुबह करीब पांच बजे घटना की जानकारी मिली। शुरुआती चरण में छह गाड़ियों को भेजा गया था, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए तुरंत अतिरिक्त सहायता मंगाई गई और दमकल इंजनों की संख्या बढ़ाकर 21 कर दी गई।



### दमकलकर्मियों को उठानी पड़ी भारी मुसीबत

संकरी गलियों, घनी आबादी और ज्वलनशील सामान के कारण आग बुझाने में दमकलकर्मियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा के मद्देनज़र आसपास की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है। स्थानीय कारोबारी भारी नुकसान की आशंका जता रहे हैं, क्योंकि कई दुकानें पूरी तरह जल गई हैं और गोदामों में रखी सामग्री का भी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर कोलकाता पुलिस के डीसी सेंट्रल भी मौके पर पहुंचे और स्थिति की समीक्षा की। दमकल मंत्री सुजित बोस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट प्रतीत होती है, हालांकि अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

# मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में होगी अमृत फार्मेसी : जेपी नड्डा

एजेंसी | नई दिल्ली



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने अमृत फार्मेसी नेटवर्क का बड़े पैमाने पर विस्तार करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अब देश के हर मेडिकल कॉलेज और हर जिला अस्पताल में अमृत फार्मेसी स्थापित करना है, ताकि आम जनता को सस्ती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। भारत मंडपम में अमृत फार्मेसी के 10वें स्थापना दिवस पर नड्डा ने बताया कि 2015 में शुरू हुई इस पहल ने अब तक 6.85 करोड़ मरीजों को लाभ पहुंचाया है, जबकि 50 से 90 प्रतिशत तक की छूट के कारण लोगों को 8,500 करोड़ रुपए से अधिक की बचत हुई है। फिलहाल 255 अमृत आउटलेट संचालित हो रहे हैं और सरकार की योजना इसे जल्द ही बढ़ाकर 500 तक ले जाने की है। कार्यक्रम में नड्डा ने 10 नए आउटलेट्स का उद्घाटन किया और अमृत आईटी – इको ग्रीन वर्जन 2.0 डिजिटल प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया, जिससे संचालन और सप्लाई चेन को और बेहतर बनाया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण और किफायती दवाओं की समान पहुंच सुनिश्चित करना है। समारोह में मोबाइल फार्मेसी वैन, 24×7 नेशनल कॉन्टैक्ट सेंटर और अमृत की उपलब्धियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक भी जारी की गई।

## बिहार में भीषण हादसा

# दंपति समेत पांच जिंदा जले

### संदिग्ध दशा में लगी आग में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत, पांच की हालत नाजुक



एजेंसी | पटना

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में गुरुवार देर रात हुए दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में घर में शॉर्ट सर्किट होने के बाद आग लगने की बात सामने आई है। घटना में पांच अन्य लोग गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पश्चिमी डीएसपी सुचित्रा कुमारी ने हादसे में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि परिवार के सदस्य घर से बाहर निकल ही नहीं पाए। मरने वालों में दो छोटे बच्चे, उनके माता-पिता और परिवार की एक महिला सदस्य शामिल हैं। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग पूरे घर को अपनी चपेट में ले चुकी थी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया और घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया।

### दो मासूम बच्चे भी हुए शिकार

इस हादसे की भेंट चढ़ने वाले पांच लोगों में दो मासूम भाई-बहन भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक ललन कुमार (35 वर्ष), सुशीला देवी (60 वर्ष), पूजा कुमारी (30 वर्ष), सृष्टि कुमारी (7 वर्ष) और गोली (2 वर्ष) की मौत हुई है। मुजफ्फरपुर में हुए इस हादसे ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है।

# अभिनेता राणा दग्गुबाती एसआईटी के सामने हुए पेश

एजेंसी | हैदराबाद

ऑनलाइन स्ट्टेबाजी के ऐप के प्रचार से जुड़े एक मामले में तेलंगाना की स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शनिवार को अभिनेता राणा दग्गुबाती से पूछताछ की। राणा दग्गुबाती जांच में शामिल होने के लिए स्वयं एसआईटी के सामने पेश हुए। राणा पर आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सट्टेबाजी ऐप का प्रचार किया था। तेलंगाना सरकार ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी पर रोक लगाने और इससे जुड़े मामलों की गहन जांच के लिए सीआईडी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक की निगरानी में एसआईटी बनाई है। एसआईटी दफ्तर से बाहर आते हुए राणा दग्गुबाती ने कहा, जो हुआ वह हो चुका है। अब हमारी कोशिश है कि इन गेमिंग ऐप्स के बारे में सही जानकारी और सही संदेश लोगों तक पहुंचाया जाए।



### क्या है पूरा मामला

पिछले दिनों ईडी ने बताया था कि कथित तौर पर अवैध तरीके से पैसा जुटाने वाले ऑनलाइन सट्टेबाजी एप्स को इन एक्टर्स ने अपना सपोर्ट दिया। सूत्रों के अनुसार बैटिंग प्लेटफार्म पर अवैध सट्टेबाजी और जुए के जरिए से करोड़ों रुपये का अवैध पैसा हासिल किया गया है। जबकि इन सेलिब्रिटीज ने कहा है कि उन्हें बैटिंग एप्स के प्रोडक्ट, काम करने के तरीके के बारे में जानकारी नहीं थी।

# 34 दिन बाद दफनाया गया शव

### हाईकोर्ट के दखल पर बदली गई जमीन

एजेंसी | पुरुलिया

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया-1 ब्लॉक के चकदा क्षेत्र में लंबे समय से विवादित पड़ी जमीन एक बार फिर सुर्खियों में आ गई। कोलकाता हाई कोर्ट के ताजा आदेश के बाद 34 दिन पहले दफनाई गई एक महिला का शव शनिवार को कब्र से निकालकर अन्य स्थान पर दफनाया गया। विवाद की जड़ वह जमीन है, जो आश्रम प्रबंधन और स्थानीय मुस्लिम समुदाय के बीच वर्षों से तनाव का कारण रही है। ग्रामीणों का स्पष्ट दावा है कि यह भूमि करीब दो सौ वर्ष पुराना कब्रिस्तान है और पीढ़ियों से दफन के लिए इस्तेमाल होती आ रही है। जबकि आश्रम प्रशासन इसे अपनी निजी संपत्ति बताता है और कहता है कि ग्रामस्थ केवल 'रिवाजनुसार' इसका उपयोग करते आए हैं।

## अमेरिका: काफी, मांस, केला, संतरा टैरिफ मुक्त

# अमेरिका में किराना के सामानों की महंगाई पर दबाव बढ़ा

### ट्रंप ने 200 से अधिक खाद्य उत्पादों से आयात शुल्क हटाए

एजेंसी | वाशिंगटन

बढ़ती किराना कीमतों से परेशान अमेरिकी उपभोक्ताओं का दबाव आखिरकार असर दिखा गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कॉफी, मांस, केले, संतरे का रस और कई रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों पर लगाया गया आयात शुल्क वापस ले लिया है। यह राहत शुक्रवार से लागू हो गई है। ट्रंप प्रशासन ने इस कदम को महंगाई घटाने की दिशा में बड़ा निर्णय बताया है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि इस वर्ष लगाए गए टैरिफ मुद्रास्फीति को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार नहीं थे। एयर फोर्स वन पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ क्षेत्रों में कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन "अमेरिका में कुल



मिलाकर वास्तविक मुद्रास्फीति नहीं है।" राज्य और स्थानीय चुनावों में डेमोक्रेट्स की हालिया बढ़त ने भी व्हाइट हाउस पर दबाव बढ़ाया था।

### बढ़ सकती थीं खाद्य पदार्थों की कीमतें

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि मौजूदा ऊंची कीमतों में आयात शुल्क की भूमिका अहम रही है और कंपनियों पर पड़ने वाला अतिरिक्त वित्तीय बोझ आने वाले महीनों में दाम और बढ़ा सकता था। इसी पृष्ठभूमि में 200 से अधिक वस्तुओं—जिनमें संतरे, पेपरिका, कोको, अकाई बेरीज, उर्वरक और खाद्य उत्पादन से जुड़े रसायन तक शामिल हैं—को शुल्क मुक्त किया

### 13 फीसद महंगा हुआ मांस का दाम

हालांकि अमेरिका खुद एक प्रमुख मांस उत्पादक देश है, लेकिन लगातार घटती मवेशी संख्या के कारण मांस के दाम अब भी ऊंचाई पर हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के सितंबर के आंकड़े बतातें हैं कि मांस की कीमतें पिछले वर्ष की तुलना में करीब 13% बढ़ीं, जबकि स्टेक लगभग 17% महंगा हुआ—जो तीन साल में सबसे तेज बढ़ोतरी है।

### भारत से भी समझौता करने की तैयारी

टैरिफ हटाने की घोषणा के साथ ही ट्रंप प्रशासन ने अर्जेंटीना, इक्वाडोर, ग्वाटेमाला और अल सल्वाडोर के साथ "फ्रेमवर्क व्यापार समझौतों" का भी अनावरण किया है। समझौते अंतिम रूप लेने के बाद इन देशों से आने वाले कई उत्पादों पर शुल्क खत्म हो जाएगा। अमेरिका ने वर्ष के अंत तक भारत सहित कई अन्य देशों के साथ भी व्यापार समझौतों को आगे बढ़ाने की तैयारी की है।